तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 12 मार्च 2025




12 अप्रैल में 15 फीसदी अधिभार और एक हजार की लगेगी पैनाल्टी राशि





13 भिलाई में जल्द बनेगा 2 करोड़ का स्केटिंग ट्रैक और 5 करोड़ का शानदार स्वीमिंग पूल



## खबर संक्षेप

### कल्याण कॉलेज में कल होली मिलन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कल्याण समिति भिलाई नगर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति के 41वें होली मिलन का आयोजन 'एक सद्भाव एवं मिलन पर्व' के थीम पर आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर त्यौहारों और पर्वो की पावन परम्परा की निरंतरता में 'रंग एवं भंग' के बगैर पारिवारिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजन तय किया गया है। छत्तीसगढ़ कल्याण समिति के 41वें ₹होली एक सद्भाव एवं मिलन पर्व₹ में फाग गीत, भजन और होली मिलन आयोजित किया जाएगा।

आगामी 13 मार्च गुरुवार को 'भजन का उल्हास साज और आवाज के साथ' सुबह 11:30 बजे से कार्यक्रम आरम्भ हो जाएगा। सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड. समभाव उद्यान में मिलन पर्व आयोजित होगा। इसमें कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-7, छत्तीसगढ़ कल्याण शिक्षा महाविद्यालय अहेरी जिला दुर्ग, कल्याण विधि महाविद्यालय सेक्टर-7 और छत्तीसगढ़ कल्याण समिति भिलाई नगर के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### मारपीट जुर्म दर्ज

**भिलाई।** आरक्षक के साथ गाली गलौज सरकारी काम में बाधा पहुंचाने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984, 3(2),121,132,221,296,351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### परिवार समेत सब सोए हुए थे, गनीमत जनहानि नहीं

# डॉक्टर के मकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मंगलवार को डॉक्टर के निवास में अचानक आगजनी की घटना हो गई। आग इतना तेजी से मकान में फैला कि कार समेत पांच वाहन जलकर खाक हो गया। सूचना पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक विद्युत नगर दुर्ग निवासी डॉ. पीयूष देवांगन के निवास में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। डॉ. पीयूष देवांगन लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में एमडी मेडिसिन के पद पर पदस्थ है। उनकी पत्नी डॉ श्रुति देवांगन गायनकोलॉजिस्ट हैं। डॉ. पीयूष के मुताबिक 11 मार्च की सुबह 4 से 4.30 बजे के मद्य आगजनी की घटना हुई है। मकान सेवानिवृत्त हेडमास्टर पिता पोषण लाल देवांगन, पीडब्ल्यूडी से सेवानिवृत्त मां कमला देवांगन समेत पूरे परिवार के साथ रात को सोए हुए थे। कुछ जलने की दुर्गंध आने पर सभी को जगाया। बाहर आकर देखने पर मकान में आग लगी हुई थी तुरंत सब बाहर आ गए। बाहर आकर देखने पर आग मकान को पूरी तरह से चपेट में लिया था। तुरतं डायल 112 और अग्निशमन विभाग दुर्ग में फोन कर घटना की जानकारी दी गई। डॉ. पीयूष ने कहा कि उनके घर में ऑटो ट्रिप का सिस्टम लगा है। बिजली सप्लाई में कोई फाल्ट होता है तो ऑटो ट्रिप हो जाता है। संदेह जताया जा रहा कि आग शार्ट सर्किट से नहीं हुआ है,बल्कि अज्ञात द्वारा लगाई गई होगी। पुलगांव पुलिस थाने में शिकायत की गई है।



### कार समेत तीन स्कूटी और बाइक भी चपेट में

जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एक दमकल वाहन को टीम के साथ रवाना किया। आग बड़ी होने की जानकारी मिलने पर दूसरा दमकल वाहन भेजा और स्वयं घटनास्थल पर पहुंचा था। डॉ. पीयूष ने बताया कि आग से मकान का सारा सामान जल गया है। मकान में खड़ी नई नेक्सॉन कार समेत तीन स्कूटी, एक बाइक, चार एसी जल गए। घटना में करीब 20 लाख रुपए के नुकसान का आंकलन लगाया गया है।



# तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एसपी जितेंद्र शुक्ला ने एसीसीयू में पदस्थ दो प्रधान आरक्षक और जामुल थाने के आरक्षक को सस्पेंड किया है। तीनों पुलिस कर्मी पुलिस लाइन में पदस्थ होंगे। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक एसीसीयू टीम के द्वारा गांजा के एक मामले में कार्रवाई की गई थी। वहां पदस्थ प्रधान आरक्षक सगीर अहमद खान, अजय गहलोत की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। जिसकी शिकायत दुर्ग एसपी से करने पर गंभीरता से लेते हुए दोनो प्रधान आरक्षकों को नोटिस थमा दिया। नोटिस का सही जवाब ना दे पाने और गांजा के प्रकरण में आरोपियों को लाभ पहुंचाने की संदिग्ध भूमिका नजर आने पर एसपी ने 11 मार्च को दोनों को सस्पेंड कर दिया।

वहीं महिला के साथ मारपीट करने के मामले में एसपी ने जामुल थाने में पदस्थ आरक्षक तरुण देशलहरे को सस्पेंड किया है। मिली जानकारी के मुताबिक 8 मार्च को उमरपोटी निवासी पायल 32 वर्ष ने शिकायत किया था कि आरक्षक तरुण देशलहरे उसके साथ मारपीट किया है। आरक्षक के खिलाफ जामुल पुलिस ने धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया।







# सतत विकास लक्ष्य में दुर्ग 71 अंक के साथ फ्रंट रनर, औसत से एक अंक आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भविष्य में अंतरराष्ट्रीय विकास संबंधी लक्ष्यों को पाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाए गए एडीजी रैंकिंग में दुर्ग जिले को 71 नंबर पर फ्रंट रनर का किताब मिला है। जबकि पडौसी जिले के राजनांदगांव, मोहला मानपुर, खैरागढ दुर्ग से बेहतर परिणाम रहे है। दुर्ग संभाग राज्य के औसत से सिर्फ एक रैंक आगे है।

संभागायुक्त एसएन राठौर ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और खैरागढ़ के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने 72 अंक हासिल किए, जबकि दुर्ग ने 71 अंक प्राप्त किए। वहीं, कबीरधाम (65 अंक) और बेमेतरा (69 अंक) हासिल किए हैं। राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) विषय पर संभागस्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) ऑडिटोरियम दुर्ग में किया गया। संभागायुक्त एसएन राठौर ने सतत विकास लक्ष्य (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) को प्राप्त करने के तरीके पर चर्चा करते हुए कहा कि, इस कार्यशाला का उद्देश्य इन गोल्स को फील्ड में सही तरीके से लागू करना है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में 17 सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) निर्धारित किए थे, जिन्हें 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जिला स्तर पर प्रगति की मॉनिटरिंग हेतु डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क (डीआईएफ) का निर्धारण किया गया है।

## एसडीजी रिपोर्ट में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और खैरागढ का बेहतर प्रदर्शन

### हर साल जारी की जाती है प्रोग्रेस रिपोर्ट

एसडीजी के आधार पर जिलाधिकारियों द्वारा एसडीजी डैशबोर्ड में की गई एंट्री के आधार पर प्रतिवर्ष डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है। इसके अलावा, समय-समय पर अधिकारियों की क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि वे इस क्षेत्र में हुई नवीन प्रगति से अवगत रह सकें। श्री राठौर कहा कि दुर्ग संभाग राज्य के औसत से एक रैंक आगे है। सभी जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत और विभागों के अधिकारियों को एकजुट होकर रैंकिंग में सुधार करने अपील की। ताकि हम भारत को 2047 तक विकसित भारत और छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बना सकें।

### विभिन्न योजना से मूल्यांकन

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा यह एक लंबी प्रक्रिया है, जिसकी शुरुआत मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स (एमडीजी) से हुई थी। उन्होंने कहा कि ये गोल्स विभिन्न पहलुओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कौशल विकास और रोजगार पर आधारित है, जिनके रिपोर्ट के आधार पर रैंकिंग होती हैं। इसके लिए डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर फ्रेमवर्क तैयार किया गया है, जिसमें 82 अलग-अलग इंडीकेटर्स को शामिल किया गया है। इसके जरिए जिला और राज्य स्तर पर प्रदर्शन की रैंकिंग की जाती है। इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित कर राज्य को नई ऊचांईयों पर ले जाएंगे।

### समावेशी विकास की अवधारणा-सचिव

राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव के. सुब्रमण्यम ने कहा सतत विकास लक्ष्य के बारे में विस्तार से समझाते हुए बताया कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि पर निर्भर नहीं होता। समावेशी विकास की अवधारणा यह है कि यदि विकास का लाभ सबसे निचले स्तर तक नहीं पहुँचता, तो वह असल में विकास नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2000 में सहस्त्रदी लक्ष्य (मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स) निर्धारित किए थे, जिसमें 8 गोल थे, और 2015 तक इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की उम्मीद थी। राज्य ने 17 गोलों में से 16 लक्ष्य चुने, जो राज्य के लिए अधिक प्रासंगिक थे, और इनमें से एक समुद्र तटीय क्षेत्रों से संबंधित था। राज्य ने 106 टारगेट निर्धारित किए और 275 इंटिगेटर के आधार पर मूल्यांकन शुरू किया।

## खबर संक्षेप



### अपने जीवन में योग अपनाएं : रंजना

**दुर्ग।** प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि जो दौड़ना, व्यायाम करना पसंद नहीं करते उन्हें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। योग द्वारा हम अपने स्वाथ्यगत परेशानियों को बढ़ने से रोक सकते हैं। योग द्वारा हमारे शारीर में डोपामाइन हार्मोंस स्त्राव होता है जिससे हम प्रसन्न रहते हैं, हमारा मानसिक तनाव कम होता है। शारीरिक परेशानियों के साथ ही हम मानसिक परेशानियों को भी योग द्वारा कम कर सकते हैं। डॉ चौधरी ने हठ योग पर प्रकाश डालते हुए प्राणायाम के प्रकार एवं फायदे के बारे में विस्तार से बताया कि प्राणायाम को दो वर्गों में विभक्त किया गया है अश्टकुम्भक एवं नाड़ीषोधन प्राणायाम। उन्होंने मुद्रा एवं मुद्रा के प्रकार तथा मुद्रा अभ्यास कराया। महामुद्रा से छात्राओं को परिचित कराया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चौधरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ ऋतु दुबे एवं कु खुषबू साहू ने किया। इस अवसर पर योग विभाग की भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्राएं उपस्थित थीं।

### कार्य पूरा करवाने सभापति व पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग ।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गंजपारा से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मार्ग पिछले पाँच वर्षों से लगभग 500 मीटर रोड निर्माणधीन हैं। सड़क का निर्माण अधूरा है आस-पास के 5-6 वार्ड के रहवासियों को धूल एवं प्रदूषण के कारण जीना हराम हो गया है एवं सड़क जर्जर होने के कारण कई दुर्घटना घट चुकी हैं। इनके साथ ही पुलगॉव नाला ब्रिज का सड़क काफी जर्जर हैं उक्त ब्रिज पर भी कई घटना हो चुकी। उसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की जा रही हैं। सभापति श्याम शर्मा, पार्षद लीलाधर पाल, कुलेश्वर साहू, खालिद रिजवी शेरु, काशीराम कोसरे, साजन जोसफ, गुलशन साहू, कमल देवांगन, प्रकाश गीते, ललित ढीमर, प्रतिभा गुप्ता, बबीता यादव, जिंतेंद्र ताम्रकर ने जनदर्शन में कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर शिवनाथ नदी मुक्तिधान नवनिर्माण मार्ग के अधूरा कार्य को पूर्ण करवाने एवं पुलगांव नाला ब्रिज की मरम्मत करने ज्ञापन सौंपा। सभापति श्याम शर्मा व पार्षदों ने कलेक्टर से दोनों कार्य अपने संज्ञान में लेते हुये जल्द से जल्द सड़क निर्माण करवाने की मांग की।

## वसूली : टैक्स जमा करने के लिए 31 मार्च तक का दिया समय

# अप्रैल में 15 फीसदी अधिभार और एक हजार की लगेगी पैनाल्टी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 31 मार्च तक टैक्स का भुगतान नही करने पर बकाया राशि का पन्द्रह फीसदी अधिभार व एक हजार रूपए की पैनाल्टी निगम करदाताओं से वसूल करेगी। बहरहाल वित्तिय वर्ष के सिर्फ पन्द्रह ही दिन शेष हैं। जबकि नगरनिगम ने टारगेट के मुकाबले सिर्फ साठ फीसदी टैक्स की वसूली की है। शेष चालीस फीसदी टैक्स वसूली के लिए निगम ने ताकत झोंक दी हैं।

निगम प्रशासन द्वारा वसूली के लिए राजस्व अधिकारियों पर जबरदस्त दबाव बनाया जा रहा हैं। उन्हें हर हाल में लक्ष्य के करीब पहुंचने कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि, 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने वालों को 15 प्रतिशत अधिभार व एक हजार रुपये पैनाल्टी देना होगा। इसकी जानकारी मिलने पर करदाताओं निगम में दौडे पहुंच रहे हैं। संपत्ति कर जमा करने के लिए राजस्व टैक्स काउंटर में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। निगम प्रशासन द्वारा संपत्ति कर जमा करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। छुट्टी के दिन भी लोग संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। मात्र होली के दिन अवकाश रहेगा।

**संपत्ति कर जमा करने के लिए निगम राजस्व टैक्स काउंटर में लोगों की भीड़**



### स्पैरों कंपनी के जाने के बाद बढ़ी डिमांड राशि

आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, 31 मार्च के बाद 15 फीसदी ब्याज वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स जमा करने के लिए केवल 20 दिन ही शेष रह गए हैं। 31 मार्च की अंतिम तिथि तक टैक्स जमा करने में अधिभार नहीं लगेगा। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्पैरो कंपनी 24 करोड़ टारगेट पर वसूली कर रही थी। स्पैरों के जाने के बाद जांच में गडबडी मिले, जिसमें डिमांड बढकर 31 करोड हो गए। यही कारण है कि इस बार नगरनिगम को 31 करोड़ से अधिक का टारगेट दिया गया है।

### संपत्तिकर और जलकर में फिसड्डी

नगर निगम संपत्तिकर में 50 फीसदी और जलकर में 56 फीसदी व समेकित कर में 49 फीसदी राशि वसूल पाई है। जानकारी अनुसार टैक्स वसूली के लिए इस साल 26 करोड़ 6 लाख 55 हजार टारगेट हैं। इसमें 13 करोड़ 78 लाख 99 हजार रुपए की वसूली हुई है। वही बकाया मांग 5 करोड़ 14 लाख 33 हजार रहा है। इनमें से 5 करोड़ 1 लाख 35 हजार की वसूली हुई है। वर्ष 2023-24 में टारगेट 31 करोड़ 20 लाख 88 हजार है। इनमें से फरवरी माह तक 18 करोड़ 80 लाख 3 हजार की वसूली हुई। इस तरह कुल वसूली 60 फीसदी हुई है।

### अधिभार लगेगा

करदाता अगर 31 मार्च के पहले टैक्स जमा करते है तो उन्हें अधिभार और पैनाल्टी नही लगेगी। इसकी सूचना लाउडस्पीकरण और राजस्व निरीक्षक के माध्यम से भी दे रहे हैं।

-**आरके बोरकर,** राजस्व अधिकारी दुर्ग

# पटेल चौक में कांग्रेसियों ने ईडी का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित 14 ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने दुर्ग में पुतला दहन कर विरोध जताया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास सहित विभिन्न स्थानों पर किये गये छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार 11 मार्च 2025 को मान होटल चौक में जिला कांग्रेस के युवाओं के द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन किया गया। अरुण वोरा पूर्व विधायक ने कहा भूपेश सरकार ने हमारे किसानों की कर्ज माफी और आम जनता को बिजली बिल हाफ जैसी बहुत सी योजनाएं दी और छत्तीसगढ़ियों को मान सम्मान देने का काम किया है। इस दौरान गया पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, छाया महापौर प्रेमलता साहू, पूर्व सभापति राजेश यादव, राजकुमार नारायणी, मोहित वाल्दे, शिशिर कांत कसार आनंद कपूर ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, मनदीप सिंह भाटिया, अनूप वर्मा, गौरव उमरे, अजय गुप्ता, पोषण साहू, चिराग शर्मा, सन्नी साहू, शंकर ठाकुर, सौरभ ताम्रकार, स्वतंत्र ताम्रकार सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- **ईडी के खिलाफ नेताओं में दिखी नाराजगी**

### केन्द्र के इशारे पर कर रहे रेड

अय्यूब खान सचिव प्रदेश कांग्रेस न कहा है कि, भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ सहित उनसे जुड़े 12 लोगों पे ईडी के रेड केवल इनको परेशान करना है। कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश है। ये सारी रेड की कार्यवाही केंद्र सरकार के इशारे में किया जा रहा है। उन्होने कहा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स,ऐसी संस्थाएं है जो देश की जो प्रमुख संस्थाएं हुआ करती थीं वह आज भारतीय जनता पार्टी के फ्रंटल आर्गेनाइजेशन या उनकी संगठन की तरह काम कर रही है।

# महिला दिवस पर उद्यमियों, स्वच्छता कर्मियों का किया गया सम्मान



**दुर्ग।** ग्राम बोरीगारका में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में महिला उद्यमियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अंशु गोयल जिला विकास प्रबंधक, विशिष्ट अतिथि डी एन शर्मा समाजसेवी, श्रीमती बी पोलम्मा समाजसेवी, नवनिर्वाचित सरपंच (बोरीगारका) चुम्मन लाल यादव, पाऊवारा सरपंच श्रीमती मीना यादव, श्रीमती वीणापणि खरे अध्यक्ष सोसायटी फॉर इंटिग्रेटेड रूरल डेवलपमेन्ट उपस्थित रहे। इस अवसर पर आदर्श महिला उद्यमी का सम्मान जीविका स्व सहायता समूह के अध्यक्ष श्रीमती ललेश्वरी साहू को दिया गया। श्रीमती सुमन साहू, श्रीमती पुष्पा साहू श्रीमती डोमिन साहू सहित महिला उद्यमियों , शिक्षिकाओं तथा महिला स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सीड बॉल का निर्माण किया गया

### महिलाओं के लिए हुए प्रतियोगिताएं



**दुर्ग।** श्री आदर्श महिला समिति के कर्मचारी नगर दुर्ग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रत्ना नारमदेव थीं। विशेष अतिथि श्रीमती मीना पटले, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती इन्दु ढोक ने की। स्वागत भाषण समिति के अध्यक्ष श्रीमती इन्दु ढोक ने दिया। विशेष अतिथि श्रीमती मीना पटले ने सभी महिलाओं को महिला दिवस कि शुभकामनायें दी। रत्ना नारमदेव ने जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्लास लाईन से जमाओ में प्रथम राजेश्री बासवे, द्वितीय सविता वर्मा, हौजी गेम में प्रथम विशाखा खापर्डे, द्वितीय रमा राव। कार्यक्रम में अनिता वर्मा, जीजा भगत, ललिता मुन, मनिषा पाटील, वैशाली शेन्ड, वैशाली मेश्राम, पार्वती देशमुख, शोभा ढारगावे, राधिका यादव, प्रमिला खापर्डे, कमला मेश्राम, अनिता रामटेके, राज इंदिरा वैध पुजा मुन आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन श्रीमती बबीता रोडगे ने किया।

## पार्षदों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई विधायक गजेन्द्र यादव रहे मौजूद



**दुर्ग।** नगर निगम के पार्षदो ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान पार्षदो ने विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त किये। भ्रमण के दौरान पार्षदो ने विधानसभा परिसर दर्शक दीर्घा, पुस्तकालय तथा केबिनेट मंत्री कक्ष पहुँचे और उनसे सौजन्य मुलाकात कर विभागीय कार्यों की जानकारी लिए। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से पार्षदो ने विधायक संग भेंट कर राज्य की राजनीति, विधायी प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में जानकारी लिए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके कक्ष में मुलाकात कर सभी तस्वीर लिए और मंत्री से कार्य करने मार्गदर्शन प्राप्त किये। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने दुर्ग निगम के पार्षदो को विधानसभा में बजट सत्र, मानसून सत्र और शीत सत्र में होने वाले कार्यवाही की जानकारी दिए। इसके पश्चात जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के कक्ष पहुंचकर उनसे भी मुलाकात किये। भ्रमण के दौरान सभापति श्याम शर्मा, पार्षद कुलेश्वर साहू, कांशीराम कोसरे, कमल देवांगन, मनीष साहु, चंद्रशेखर चंद्राकर, सरस निर्मलकर, खालिक रिजवी, गुड्डू यादव, शिव नायक, नंद कसेर सहित अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे।

# महापौर से छत्तीसगढ़ मंच ने की दुर्ग आइडल कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम का कार्य शहर का समुचित विकास कार्य, मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के अलावा शहर में खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना होता है इसी उद्देश्य को लेकर छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग ने शहर की नव निर्वाचित महापौर श्रीमती अल्का बाघमार को बधाई देते हुए दुर्ग आइडल आयोजित करवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान एवं अनिल शर्मा ने महापौर निवास में मिलकर महापौर श्रीमती अल्का बाघमार को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया एवं बधाई दी । तथा शहर में गीत संगीत को बढ़ावा देने दुर्ग आइडल गायन प्रतियोगिता आयोजित करवाने की मांग की । जिस पर महापौर ने आश्वासन दिया।

- **छत्तीसगढ़ मंच ने महापौर को सौंपा ज्ञापन**



विदित हो कि इसके पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर के कार्यकाल में दुर्ग आइडल का सफलता पूर्वक आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा चुका है। जिससे शहर की कई प्रतिभाओं को अवसर एवं मंच प्रदान हुआ था। जिससे कई प्रतिभाएं उभरकर सामने आई थीं। करोना कल के बाद से उक्त आयोजन बंद है। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, सहसचिव ललित वर्मा, संजय खंडेलवाल, सदस्य अजय साहू, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान, हरीश सोनी, जवाहर सिंह राजपूत, गुरमीत सिंग भाटिया, बाबू भाई, दिलीप सिंग शामिल है।

## 177 केंद्रों में बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी पूरी, 5- 8वीं बोर्ड पैटर्न पर बदलाव

# 14 साल बाद एक बार फिर बोर्ड पैटर्न पर 5-8वीं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में 14 साल बाद एक बार फिर बोर्ड पैटर्न पर पांचवी आठवीं की परीक्षा होने जा रही है, जिसके लिए 177 केंद्रों में बोर्ड की परीक्षाओ की तैयारी पूरी कर ली गई है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 के तहत पिछले 14 वर्षों से स्कूल स्तर पर ही सामान्य रूप से पांचवी-आठवीं की परीक्षा ली जा रही थी। इस बार इसमें बदलाव किया गया है।

- **5-8 वीं केंद्रीकृत समय सारिणई जारी**

5- 8वीं केंद्रीकृत परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी गई है। जहां 5 वीं की परीक्षा 17 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च को समाप्त हो जाएगी। वही 8 वीं की परीक्षा 18 मार्च से होकर 3 अप्रैल तक चलेगी। 5-8वीं की परीक्षा का समय सुबह 8 से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा संचालन के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण 11 व 12 मार्च को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शा.जे. आर.डी. बहु.उ.मा.वि. दुर्ग में प्रातः 10:30 बजे से किया जा रहा है. वही गोपनीय सामग्री लेने के लिए संकुल के प्राचार्य उपस्थित रहे। पहले दिन 11 मार्च को 102 संकुलों के प्राचार्यों को गोपनीय सामग्रियां का वितरित किया गया, वही आज 12 मार्च को शेष 75 संकुलों के प्राचार्य गोपनीय सामग्री का वितरण किया जायेगा। जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार पांचवीं बोर्ड में 13,073 तथा आठवीं में 14, 639 परीक्षार्थी माध्यम शामिल होगे।

### 102 केंद्रों में बाटेंगे गए प्रश्न पत्र

परीक्षा के लिए 11 मार्च को शास.उ.मा.शा. हाईस्कूल रुट क. 1 हिरी, टेमरी, लिटिया, घोटवानी, चीचा, घोठा, नवागांव (पु), खिलोराकला. तुमाकला, बोरी, रुट क 2 करेली, कन्हारपुरी, दारगांव, कन्या धमधा, बरहापुर, बालक धमधा, सेजेस तमेरपारा धमधा, बिरझापुर, पेण्ड्री (गो), रौदा, पेण्ड्रावन, राजपुर देवरी, रुट क.3 मोहरेगा, माटरा, पथरिया (मे), मेडसरा, पाहरा. अहेरी, गिरहोला, सेमरिया, डुमर, ढौरकला, नंदनी-खुन्दनी, सेजेस अहिवारा, मलपुरीकला, सुरडुग, नारधा, रुट क. 4 जरवाय, आँधी, बटंग, कन्या भिलाई-3, सेजेस भिलाई-3, पहडोर, पुरैना, सिरसाकला, सोमनी, घुघवा, गनियारी, चरोदा, देवबलोदा, उरला, रुट क. 5 सेजेस कुम्हारी, लिमतरा, मुरमुन्दा, सेजेस जंजगीरी, कपसदा, गोठी, कुगदा, अमलेश्वर, सेजेस जामगांव (एम), जमराव, झीट, पाहंन्दा, परसदा, सांकरा, रुट क.6 -आगेसरा, सेजेस बेल्हारी, भरर, जमागांव (आर), कानाकोट, पौहा, सुरपा, गब्दी, रानीतराई. झाडमोखली, केसरा, निपानी, ओदरागहन, सेजेस बालक रानीतराई, रूट क्र 7- आचानकपुर, घौराभाठा, फेकारी, महकाकला, मोरिद, पतोरा, सेजेस बालक सेलुद, कन्या सेलुद, गोडपेन्ड्री रूट क्र ८-बठेना, भनसुली, देवादा, सेजेस कन्या पाटन, तर्रा, गुजरा, खुडमुडी, मर्रा, सेजेस बालक पाटन, सेमरी, सिपकोना, तरीघाट, तेलींगुण्डरा में प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया।

### आज 75 केन्द्रों में होगा प्रश्न पत्रों का वितरण

12 मार्च द्वितीय दिवस मंगलवार को शास.उ.मा.शा./हाईस्कूल रुट क. 1 पुलगांव, चन्दखुरी, रूदा, कुथरेल, मतवारी, विनायकपुर, तिरगा, सेजेस निकुम, अण्डा, रुट क-2 बघेरा, सेजेस जेआरडी, तिलक कन्या, पंचशीलनगर, तकियापारा, उरला, सिकोलाभाठा, सेजेस दीपकनगर, सेजेस तितुरडीह, धनोरा, बोरसी, हनोदा, पाउवारा, आदर्श कन्या, रूट क.3 मरोदा ट्रक, सेजेस रिसाली, स्टेशन मरोदा, उमरपोटी, खोपली, कातरो, कोडिया, मचान्दुर, पुरई, डुडेरा, कन्या उतई क्र.1, सेजेस उतई क्र.2 रुट क. 4 कृष्णानगर सुपेला, कोसानगर, कन्या सुपेला, सुपेला, कोहका, कुरूद, कन्या वैशालीनगर, रामनगर मुक्तिधाम, वृन्दानगर, खम्हरिया, खपरी, जुनवानी, रुट क. 5 रूआबांधा, सेजेस सेक्टर-6 हास्पिटल सेक्टर, सेजेस बालाजीनगर, केम्प-1, केम्प-2, सेजेस छावनी, सेक्टर-11 खुर्सीपार, न्यु खुर्सीपार रुट क.6 बेलौदी, करंजा भिलाई, चिखली, जेवरा सिरसा, ननकटठी, ढौर, बासीन, सेजेस जामुल, हथखोज, हाउसिंगबोर्ड, जे पी नगर, रूट क्र 7- बिरेझर, थनौद, अंजोरा (ख), बोरई, भेडसर, रसमडा, नगपुरा, अंजोरा (ढाबा) में प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा।

# ग्राम तिरगा में भाजपा के समर्पित पंच बने निर्विरोध उपसरपंच



**दुर्ग।** ग्रामीण जनपद पंचायत विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तिरगा का उपसरपंच सभी की सहमति से सुखितराम ढीमर को बनाया गया। पंच गोवर्धन ढीमर, जानकी देशमुख, शिवप्रसाद देशमुख, टिकेश्वर दिल्लीवार, डिलेश्वरी देशमुख, रेखा ठाकुर, खेमिन देशमुख, कंचन देशमुख,गीता देशमुख, अनिता बेलचंदन, हठियारिन ठाकुर, तेजराम यादव, चंदूलाल यादव, लता देशमुख, कविता ऋषि, जमुना निषाद, कुलेश्वरी देशमुख और सरपंच व पंचों ने अपने पद का निर्वहन सत्य निष्ठा के साथ बिना किसी भेदभाव के गांव को एकजुट लेकर चलाने ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने, शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर अपने ग्राम पंचायत में शांति सद्भावना की शपथ ली। इस अवसर पर मुकेश बेलचंदन, भूपेंद्र बेलचंदन, देवीसिंह ठाकुर, दिलीप देशमुख, युवराज देशमुख, शंभू देशमुख, निर्भय बेलचंदन, लक्ष्मण ठाकुर आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप



## ग्राम वैद्य निहाली की पुण्यतिथि मनाई

**सेलूद।** ग्राम सेलूद के सुभाष चौक निवासी स्व. निहाली यादव की 28वीं पुण्य तिथी मनाई गई। ग्राम सेलूद में अपने पूरे जीवन काल में ग्राम के लोगों का नाड़ी छुकर मुफ्त में इलाज करने वाले निहाली यादव को उनकी पुण्यतिथि पर मंगलवार को ग्राम सेलूद के लोगों ने याद किया। ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि हम अपने बड़े बुजुर्गो से सुना करते है कि निहाली यादव को विरासत में मिला वैद्य का अनुभव। उनका पूरा जीवन जंगली जड़ी-बूटी से लोगों का इलाज करने में ही बीता है। उस समय गांव वालों को उनसे काफी लाभ मिला है। ऐसे परंपरागत वैद्यों के गुणों को अन्य लोगों को सीखने व संरक्षण करने चाहिए जिसमें वैद्य अपने अनुभवों और दक्षता को एक-दूसरे से बांटे और जो धरोहर मिली है। उसे सालों तक सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर उनके पुत्र छेदुराम यादव, नेतराम यादव, सरपंच खिलेश मारकंडे, पंच रमेश कश्यप, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, दानेश्वर वर्मा, पंच इंद्राणी वर्मा, पंच खोईलन बाई, पूर्व पंच मन्नु लाल यदु, सुरज ठाकुर, सीताराम यादव, तामेश्वर देवांगन, चंद्रकुमार धनकर, चंदु ठाकुर, पुष्पा, फगनी बाई सहित आदि उपस्थित थे।

## नंदकुमार ग्राम समिति रसमड़ा का अध्यक्ष मनोनीत

**भिलाई।** औद्योगिक ग्राम पंचायत रसमड़ा में ग्रामीण परंपरा के अनुसार गांव की समस्याओं के निराकरण एवं पर्व आदि धार्मिक



आयोजनों के सुचारू रूप संचालन के लिए ग्राम समिति का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सैकड़ों ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से भाजपा किसान मोर्चा के प्रमुख नंदकुमार निर्मलकर को पुनः ग्राम समिति अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उल्लेखनीय है कि नंदकुमार निर्मलकर एक कर्मठ समाजसेवी है, कोरोना काल में इन्होंने साहसिक कार्य किया है, कोरोना मरीजों की सेवा एवं उनके परिवार की देखभाल करने में अग्रणी रहें, इनके प्रयास से रसमड़ा चिकित्सालय में एसी, वाटर कूलर, फ्रीज, कुर्सी, टेबल एवं मरीजों के लिए प्राथमिक जरूरत संसाधनों की व्यवस्था हुई। साथ ही शाला विकास समिति अध्यक्ष के रूप में रसमड़ा विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहा। इनके निर्विरोध मनोनयन पर नवनिर्वाचित सरपंच मोतिम बालकिशन निषाद सहित सभी पंचगणों, पूर्व सरपंचो, जनपद सदस्यों ने बधाई दी है।

## धरती के श्रृंगार करने युवा लगा रहे पौधे



**सेलूद।** ग्राम सेलूद के युवाओं ने धरती का श्रृंगार करने की अनोखी योजना बनाई । सभी अपने जन्मदिन पर एक पौधा धान खरीदी केन्द्र सेलूद में लगाने का मुहिमा चलाया। इस मुहिम के कारण जिस स्थान पर एक भी पेड़ पौधा नहीं था किसान जब धान बेचने आथे थे तो छाया के लिये तरस रहे थे लेकिन युवाओं की इस मुहिम के बाद इस स्थान पर सैकड़ों पौधे से पेड़ बनकर पुष्पित और पल्वित होकर जिव छाया के साथ साथ मीठे फल भी दे रहे हैं । इसी कडी में खबरनामा ग्रुप पाटन विधानसभा के अभिनव पहल के अंतर्गत खबरनामा ग्रुप के सम्मानित सदस्य बल्लू राय के पुत्र चिराग राय व शिक्षक संतोष वर्मा के जन्म दिन पर बादाम व कदम के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के जवाहर वर्मा, ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, उपसरपंच राकेश साहू, हेमंत कपूर, चुनकट्टा पंचायत के उपसरपंच अजय सिंह राजपूत, किशन हिरवानी, पत्रकार बलराम यादव, पूर्व पंच रवि पटेल, बल्लु राय आदि उपस्थित थे।

# दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : विधायक ललित

**दिव्यांग दृष्टि बाधित बच्चों की संगीत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित, दी अनुपम प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्री गार्डन मरोदा में सुरधारा म्यूज़िकल फाउंडेशन दिव्यांग दृष्टि बाधित बच्चों की संस्था दुर्ग द्वारा आयोजित संगीत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। ज्ञान दायिनी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और बच्चो की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत की अनुपम प्रस्तुति दी और सबका दिल जीत




लिया। इस अवसर पर सभी दृष्टि बाधित बच्चों को सम्मानित किया और उनकी अद्भुत प्रतिभा से अवगत हुए। उनकी कला और समर्पण वाकई प्रेरणादायक है। सभी को इस सफ़ल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आज हम दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों को सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो हमें इन बच्चों की प्रतिभा और साहस को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे अपनी दृष्टि की कमी के बावजूद अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष करते हैं। उनकी दृढ़ता और साहस हमें प्रेरित करता है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख ज्योति ध्रुव, विकास अग्रवाल, आनंद बक्सी, राजू उइके, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, नवीन सिंह पवार, दीपक चोपड़ा, राहुल दीवान सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

## सूर्यकुण्ड और मुक्तिधाम के बाद अब प्रियदर्शनी परिसर की बदलेगी तस्वीर

# भिलाई में जल्द बनेगा 2 करोड़ का स्केटिंग ट्रैक और 5 करोड़ का शानदार स्वीमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के सुपेला स्थित प्रियदर्शनी परिसर में बहुत जल्द भिलाईवासी न केवल तैराकी का लुत्फ उठा सकेंगे बल्कि वर्षों से स्केटिंग ट्रैक के अभाव में सड़क और घर की छत पर प्रेक्टिस करने वाले बच्चों के लिए शानदार स्केटिंग ट्रैक भी बनने जा रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के अथक प्रयास का ही परिणाम है कि दो बड़ी ऐसी सौगात क्षेत्र के रहवासियों को एक वर्ष के भीतर मिलने जा रही है जिसके लिए न केवल तैराकी और रोल स्पीड स्केटर्स खिलाड़ी लंबे समय से मांग करते रहे हैं बल्कि समय-समय पर कुछ जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए एड़ी चोटी का जोर भी लगाया मगर इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में यह मांग केवल कागजों पर वर्षों से सिमटी पड़ी रही। फिर रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधायक बनते ही शहर को सुंदर और व्यवस्थित करने के साथ ही ऐसी ही लंबित मांगों को सूचीबद्ध किया और क्रमशः एक के बाद एक विकास कार्यों पर विष्णुदेव साय सरकार की लगातार स्वीकृति प्राप्त कर उसे मूर्त रूप देने आज भी संकल्पित है। निजी संसाधनों से जहां उन्होंने राम नगर मुक्तिधाम प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिलवाई वहीं सूर्यकुण्ड के मुद्दे पर निज प्रयास से शानदार बैकुंठधाम गंगा घाट का निर्माण करवाया। उनके द्वारा विधानसभा में हाउसिंग बोर्ड के कंडम घोषित 724 आवास के रहवासियों के लिए मालिकाना हक, नवीनीकरण के अभाव में डेढ़ वर्ष से जमा पट्टा वापस दिलाने के आलावा फौजी नगर के खेल मैदान को उद्योग के लिए आबंटन जैसे मुद्दे पर ध्यानाकर्षण कराते हुए इनके समाधान के लिए ठोस पहल भी की गई है।

**विधायक रिकेश की पहल से लोगों को मिलेगी सुविधा**



### तैयार होगा रोल स्केटिंग ट्रैक

छत्तीसगढ़ के लिए स्केटिंग में सर्वाधिक नेशनल मेडल जीतने वाले दुर्ग-भिलाई के खिलाड़ी करीब 20 वर्षों से रोल स्केटिंग ग्राउंड की मांग करते रहे हैं। स्केटिंग में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अमितेश मिश्रा को राज्य सरकार ने गुंडाधुर अवार्ड से भी नवाजा है लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में हर वर्ष सैकड़ों युवा रोल और स्पीड स्केटिंग के हुनर को इसलिए छोड़ गए क्योंकि भिलाई दुर्ग ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वसुविधायुक्त स्केटिंग ग्राउंड अब तक नहीं है। विधायक रिकेश सेन ने स्केटिंग ट्रैक की आवश्यकता को गंभीरता से न केवल महसूस किया बल्कि 13 फरवरी 2025 को दुर्ग जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद् की बैठक में स्केटिंग ट्रैक की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए इसके लिए प्रोजेक्ट भी पेश किया। नतीजतन दुर्ग की तात्कालिक कलेक्टर सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी ने 28 फरवरी को 1 करोड़ 96 लाख 76 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की नतीजतन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा एक वर्ष के भीतर इस लागत से प्रियदर्शनी परिसर में शानदार स्केटिंग ट्रैक का निर्माण किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

### तैराकों के लिए बनेगा स्वीमिंग पूल

स्केटिंग ट्रैक के अभाव में जिस तरह खिलाड़ी सड़कों पर प्रैक्टिस करने विवश थे वहीं तैराकी में भी हमारे खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के कुछ निजी संस्थानों के पूल का रूख करना पड़ता था। सेटअप और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ कहीं न कहीं इच्छाशक्ति का भी अभाव देखने को मिला नतीजतन भिलाईवासी और तैराक खिलाड़ी लंबे समय से एक शानदार स्वीमिंग पूल के लिए तरसते रहे हैं। दुर्ग जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद् की बैठक में 13 फरवरी को मैंने स्केटिंग ट्रैक के साथ ही एक सर्वसुविधायुक्त मार्डन स्वीमिंग पूल निर्माण के प्रोजेक्ट को प्रमुखता से पेश किया था। इन जरूरतों पर विचार मंथन के बाद प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मैंने भिलाई वासियों के लिए इस दूसरी जरूरत को प्रतिपादित किया था परिणामस्वरूप तात्कालिक कलेक्टर ॠचा प्रकाश ने 4 करोड़ 97 लाख 74 हजार रूपये के स्वीमिंग पुल निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति 28 फरवरी को दी।

### दोनों प्रोजेक्ट भी अहम

विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के हृदय स्थल सुपेला के प्रियदर्शनी परिसर में लगभग 7 करोड़ की लागत से स्वीमिंग पूल और स्केटिंग ट्रैक का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि दोनों ही कार्यों के लिए 365 दिन का समय तय किया गया है। प्रोजेक्ट इस्टीमेट के अनुरूप दोनों ही कार्य प्रशासकीय स्वीकृति अनुरूप निश्चित की गई राशि से ही तय समय सीमा के भीतर होने हैं। अगर निर्माण कार्य में बजट अनुमान अनुरूप राशि कम पड़ेगी तो पुनः संशोधित स्वीकृति ली जा सकेगी। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए ये दोनों प्रोजेक्ट भी बहुत अहम हैं। स्वीमिंग पूल और स्केटिंग ट्रैक तैयार होने से रोल एवं स्पीड स्केटिंग खिलाड़ियों को प्रैक्टिस में जहां सुविधा मिलेगी वहीं स्वीमिंग पूल होने से तैराकी में हमारे खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन कर वैशालीनगर भिलाई सहित छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करेंगे।

# वार्षिक परीक्षा के दौरान विद्यार्थी संभलकर होली खेलें, माता-पिता भी गौर करें: जिपं सदस्य कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

होली त्योहार और स्कूलों में वार्षिक परीक्षा का समय संगम हो गया है। रंगों का महान पर्व होली को बड़ी सादगी से मनाते हुए बच्चे परीक्षा को प्रभावी ढंग मन लगाकर पढ़ाई करके देवे, होनहार भविष्य का निर्माण करे। उक्त बातें कहते हुए जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों से अपील किए हैं कि परीक्षा पर कुप्रभाव ना डाले।

### बच्चों की होली खेलने में पालक रहे सजग

नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू ने



कहा कि होली का महापर्व मनाने आप हम सब तैयार हैं, लेकिन ध्यान रखे पर्व खुशियों और भाईचारा का उपहार है। होली में हुड़दंग ना हो और ना ही स्कीन खराब करने वाले रंगों का इस्तेमाल तब होली हमे खुशियां से सराबोर कर पाएगी। उन्होंने कहा कि अभी स्कूल कॉलेज में परीक्षा चल रही बच्चे परीक्षा में अधिक ध्यान दे होली खेले भी तो परीक्षा पर तन-मन को प्रभावित नहीं करे ऐसा होली खेले और माता-पिता भी सजगता बरते।

### खराब रंगों से बचे



जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि होली में रंग गुलाल खेले लेकिन अपने और दूसरों को नुकसान ना हो ऐसा खेले। केमिकल वाली कोई भी आइटम का उपयोग नहीं करे। मार्केट में हर्बल उत्पाद बहुत आ चुकी है उसका उपयोग करे। होली की रंग छुड़ाने में मेहनत नहीं करना पड़े ध्यान रखे परीक्षा में अच्छा नंबर लाने के लिए प्रभावी मेहनत करे।

### प्रतिभा बहुरंगी बनाने करें पढ़ाई



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कॉलेज जामगांव आर प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने कहा कि होनहार भविष्य की रचना के लिए स्टूडेंट्स प्रतिभा निखारने पढ़ाई के रंग में ऐसे रंगे की जीवन में प्रतिभा बहुरंगी बन जाए। होली पर्व का रंग गुलाल उतना ही खेले जिससे शारीरिक मानसिक अड़चन न हो।

### इस वर्ष 5वीं, 8वीं बोर्ड हैं



संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने कहा कि हाईस्कूल, हायर सेकंडरी की परीक्षा चल रही है। इस साल पांचवीं, आठवीं की परीक्षा अगले सप्ताह प्रारंभ होने जा रही है और इसके बाद अन्य कक्षाओं की परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी।

### अर्जुन जैसा लक्ष्य बनाए



10 वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र जामगांव आर केंद्र अध्यक्ष वाईके साहू ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी अर्जुन लक्ष्य बनाकर करे। होली हमारी प्रिय त्योहार है लेकिन परीक्षा में पर्व के कारण नुकसान हो।

## बीएसएफ जवान छगन का किया सम्मान



**उतई।** मतवारी में बीएसएफ के जवान छगन लाल साहू ने मातृभूमि की सेवा 23 वर्ष एक माह 22 दिन कर 28 फरवरी को सेवानिवृत होकर अपनी जन्मभूमि ग्राम मतवारी पहुंचे। तत्पश्चात परिवारजनों एवं ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत, सम्मान किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा पुरेंद्र साहू ने उनके सम्मान में कहा कि ऐसे हमारे देश के सभी देश रक्षकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं । साहू विगत कई वर्षों से देश सेवा में लगे सैनिक एवं उनके परिवारों का सम्मान, तीज मिलन,प्रतिभा सम्मान की आयोजन करते आ रही है।

**शासकीय कॉलेज जामगांव आर में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा**

# विद्यार्थियों के लिए नैक प्रत्यायन पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी द्वारा नैक प्रत्यानन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक शासकीय विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग ने अपने उद्बोधन में नैक प्रत्यायन की विभिन्न चरण रजिस्ट्रेशन, आईआईक्यूए, एसएसआर, मूल्यांकन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 से नैक प्रत्यानन ऑनलाइन हो गया है, जिसमें महाविद्यालय के स्टेकहोल्डर एलुमनी विद्यार्थी, अध्यनरत विद्यार्थियों से ऑनलाइन प्रश्न उत्तर के आधार पर महाविद्यालय के डेटा



का विश्लेषण किया जाएगा, नैक प्रत्यानन के 10 क्राइटेरिया होंगे, कॉलेज को ग्रेड के आधार पर एक्रेडिटेड, प्रोविजनल एक्रेडिएटेड, नॉन एक्रियेटेड दर्जा दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने इंस्टीट्यूशन डेवलपमेंट प्लान, शिकायत निवारण, सद्भावना कोष, प्रोग्राम आउटकम, कोर्स आउटकम जैसे सवालों को डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने सरलता से समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शिखा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में छोटे-छोटे प्रयास से बड़ा कार्य संपन्न होने की बात कहते हुए इस कार्यशाला को महाविद्यालय के लिए उपयोगी बताया जिसका लाभ आगामी नैक प्रत्यायन में होगा। कार्यशाला में शासकीय महाविद्यालय रानीतराई के प्राध्यापक रेणुका वर्मा, डॉ. रश्मि महेश्वर, अंबिका ठाकुर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग से डॉ. विकास स्वर्णकार, डॉ. इंद्रजीत और कर्मा माता महाविद्यालय से एसआर सोनवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. एसके पांडे और संचालन नैक प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम महाविद्यालय कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. नीता कुंभारे , प्रो.आरके तिवारी, डॉ. नरेश धार दीवान, प्रो एएस ठाकुर, डॉ. आबिद हसन खान, चेतना सोनी, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, मनीष साहू, डॉ. लता मारकंडे, मेजराम जोशी की सक्रिय भागीदारी रही।

**अंचल की खबरें**

## होली पर्व के लिए हुई शांति समिति की बैठक



**अंडा।** थाना अंडा परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के बाद सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर बधाई दी। थाना प्रभारी डॉ. भानु प्रताप साव ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है। पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में समाज के हर वर्गों की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने सभी वर्गों के लोग से अपील किया कि आपसी सौहार्द कायम कर एक दूसरे से मिलजुल कर होली पर्व मनाए। थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। होली मिलन समारोह का आयोजन कर सकते हैं। होली में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को जगह-जगह तैनात किए जाएंगे। इस मौके पर क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, बेला यादव, लोमेश चन्द्राकर, रूपेश देशमुख, दामिनी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अंडा दिग्विजय सिन्हा, योगेन्द्र दिल्लीवार, पुष्पा वाघमारे, झन्ना दिल्लीवार, गीता गजपाल, रोशन साहू, दुर्गा चौधरी, भुवन लाल देशमुख, भागवत पटेल, नन्द कुमार साहू, नेमीन खुटेल, गीता ठाकुर, घसिया राम देशमुख सहित एसआई तुलसी राम साहू, सुन्दर लाल नेताम, कौशलेंद्र बघेल, तेजेश्वर साहू, ग्रामीणजन लिकेश देशमुख, गौकरण साहू, मोहन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

- **सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों के खिलाफ प्रशासन करेगी कार्रवाई**

## होली पर्व शांतिपूर्ण मनाने की गई अपील



**उतई।** थाना उतई परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ जिसमें थाना उतई क्षेत्र के आसपास आने वाले गांव के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने सभी बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। पार्षद राकेश ने कहा कि होली पर्व को लेकर डीजे, बाइकर्स गैंग एवं शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखने का आह्वान किया। जनप्रतिनिधियों को दिशा निर्देश देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की और बताया कि शासन आदेशानुसार डीजी पूर्व रूप से प्रतिबंधित रहेगा इसके अलावा मुखौटा लगाकर घूमने वाले तथा माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर तुरन्त पुलिस को सूचना दे। पुलिस द्वारा 4 से 5 पेट्रोलिंग गाड़ी लगाए जाने की बात कही जो समय-समय पर पेट्रोलिंग करते रहेंगे। इस अवसर पर तोरण लाल साहू सरपंच गोड़ पेंड्री, राकेश साहू पार्षद नगर पंचायत, सत्य प्रकाश कौशिक उप सरपंच उपरपोटी, विश्व नारायण देशमुख पार्षद उतई, शिव कुमार ठाकुर पार्षद उतई, द्वारिका प्रसाद साहू पार्षद उतई, यशवंत कुमार ठाकुर सरपंच, खुमान निषाद सरपंच कोडिया, युगल किशोर चंद्राकर सरपंच कोकड़ी, धर्मेंद्र बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत डुमरडीह, नरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

- **शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया**

## परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा की हुई बैठक



**सेलूद।** परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा एवं स्थानीय साहू समाज सेलूद के संयुक्त तत्वावधान में तहसील साहू संघ पाटन के निर्देश पर परिक्षेत्र स्तरीय बैठक का आयोजन कर्मा भवन सेलूद में रविवार को आयोजित किया गया। बैठक की शुरुआत समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की आरती के साथ हुआ। बैठक के मुख्य वक्ता डॉ. गुलाब साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन ने कहा कि साहू समाज द्वारा 22 वर्षों से विशाल कर्मा जयंती महोत्सव के माध्यम से पाटन तहसील के सभी 99 इकाई के परिवार को एक साथ एक मंच पर शामिल किया जाता है। साथ ही सामूहिक आदर्श विवाह के द्वारा वर्तमान समय में फिजूल खर्ची को बचाकर नवविवाहित जोड़ा और उनके परिवार को आर्थिक नुकसान से भी बचा रहे हैं। समाज के प्रत्येक परिवार द्वारा 5 किलो अन्न एवं 50 रुपए दान के बदौलत विशाल आयोजन सफल होता है। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने विषयवार सभी इकाई अध्यक्षों को जानकारी दिए एवं 20 अप्रैल को अमलेश्वरडीह में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह कर्मा जयंती महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाने का निवेदन किए। सहसचिव विमला साहू ने समाज के महिलाओं को कलश यात्रा में शामिल होने की बात कही। इस अवसर पर सेलूद के नवनिर्वाचित उपसरपंच राकेश साहू एवं पंचों का स्वागत स्थानीय साहू समाज द्वारा किया गया साथ ही सेलूद में पापमोचनी एकादशी पर्व 25 मार्च को कर्मा जयंती मनाए का निर्णय लिया गया। बैठक में महासचिव खेमलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, अर्जुन साहू, उषा साहू, केवरा साहू, द्वारिका साहू, भोला राम साहू, रघुनंदन साहू, महेंद्र साहू, श्रवण साहू, दयानंद साहू, अनिल साहू, दिलीप साहू आदि उपस्थित थे।

- **19 एवं 20 अप्रैल को अमलेश्वरडीह में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह एवं कर्मा जयंती में शामिल होंगे सभी इकाई के स्वजातीय**

## खबर संक्षेप

### तीन अलग-अलग ठगी के मामले में जुर्म दर्ज

**भिलाई।** तीन अलग-अलग ठगी के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420, 419, टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3) (ए) के तहत कार्रवाई किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि हेमंत श्रीवास्तव जुन 2024 को करण बंजारे के द्वारा सिम, आधार कार्ड लाईव फोटो, बायोमैट्रिक लेकर बिना जानकारी सिम आबंटित कर दिया। दूसरी घटना केशवराम निर्मलकर का आधार, बायोमैट्रिक का गलत उपयोग कर विक्की देवांगन और जाकिर कुरैशी के साथ भी चंदन देवांगन नामक युवक ने आधार कार्ड लाइव, बायोमैट्रिक का उपयोग कर दूसरा सिम आबंटित कर दिया। पता चलने पर तीनों पीड़ितों ने थाने में शिकायत किया।

### होली मिलन आज

**भिलाई।** भिलाई कलाकार परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को दोपहर 1 से बजे से शाम 5 बजे तक प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर नेवई, मड़ौदा बांधापारा में किया गया है। वरिष्ठ कलाकार नकुल महलवार ने बताया कि कार्यक्रम में कला बिरादरी के सभी कलाकार शामिल होंगे।

### कोक ओवन कर्मियों को मिला शिरोमणी पुरस्कार



**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सीजीएम तुलाराम बेहेरा थे। उन्होंने नवम्बर 2024 के लिए डी पी मिश्रा (मैकेनिकल मेंटेनेंस) व गुरमीत सिंह (बीआरपी) को, दिसम्बर डी येल्ला राव (सीआरजी-मैकेनिकल मेंटेनेंस) व नील मिंज (मैकेनिकल मेंटेनेंस) को तथा जनवरी 2025 के लिए होमन सिंह ठाकुर और लोकनाथ साहू (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार का स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा पत्नियों के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# सौन्दर्यीकरण के नाम पर नहीं हटेंगे रिसाली में लगे पेड़

## रिसाली निगम आयुक्त ने पेड़-पौधों का सहेजने प्लानिंग बनाने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सौन्दर्यीकरण के नाम पर रोपे गए पौध को नष्ट न करें। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसके निर्देश दिए है। उन्होंने अभियंता से कहा कि पौध या पेड़ को सहजते हुए ऐसे ड्राइंग बनाए जिसमें हरियाली भी दिखे। रिसाली निगम आयुक्त डुण्डेरा में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा करने पहुंची। डुण्डेरा चौक के निकट नागरिकों द्वारा कचरा फेंका जा रहा है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होने के बाद गंदगी फैलाने पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते उस स्थान का सौन्दर्यीकरण करने निर्देश दिए। नागरिकों का कहना था कि कुछ दिन पहले उस स्थान पर पौध रोपा गया है। आयुक्त ने पौध या वृक्ष को बिना नुकसान पहुंचाए सौन्दर्यीकरण करने कहा है। निरीक्षण के दौरान अभियंता, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे।

### हाट में गंदगी देख भड़की निगम आयुक्त

निगम आयुक्त निरीक्षण के दौरान डुण्डेरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार स्थल पहुंची। इस स्थान पर पौनी पसारी योजना के तहत चबुतरा बना है। चबूतरे के नीचे चिकन व्यापारी द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर नोटिस देने निर्देश देते सुधार नहीं होने पर दुकान हटाने की कार्यवाही करने स्वास्थ्य विभाग प्रभारी को जिम्मेदारी दी।



### मंगल भवन के बगल में बनेगा शेड

निगम ने डुण्डेरा में बने मंगल भवन के संचालन के लिए एजेंसी नियुक्त किया है। भवन के बगल में अस्थाई बांस बल्ली से किचन बनाया गया है। आयुक्त ने स्थिति को देखने के बाद किचन कम स्टोर रूम के लिए शेड तैयार करने प्रस्ताव शासन को भेजने निर्देश दी है।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

# होली के अवसर पर कला मंदिर में बही हास्य व्यंग्य की धारा

### देश की समस्याओं व नेताओं पर किए चुटीले व्यंग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग तथा राजभाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में, होली के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित महात्मा गाँधी कला मंदिर में 11 मार्च को अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कला मंदिर के आयोजन में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित और चर्चित कवियों ने अपनी कला प्रतिभा से हास्य-व्यंग्य की छटा बिखेर कर स्मरणीय बना दिया।

रायपुर के चर्चित कवि सुरेन्द्र दुबे ने अपनी रचनाओं से हास्य के नए आयाम और व्यंग्य के नए प्रतिमान प्रस्तुत किए। अपने मुखर गीतों और हास्य की बानगी के लिए प्रसिद्ध कवयित्री श्वेता सिंह ने हास्य-व्यंग्य व संवेदी कविताओं से मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रयागराज के बहुचर्चित हास्य व्यंग्य कवि श्री श्लेष गौतम ने समकालीन परिदृश्यों पर अपने तीखे और धारदार व्यंग्य तथा हास्य प्रसंगों से संध्या को सराबोर कर दिया। मुंबई के हास्य व्यंग्य कवि श्री रोहित शर्मा अपने निराले अंदाज में जीवन मूल्यों पर आधारित व्यंग्यों की प्रस्तुति देकर जनवृन्द को खूब गुदगुदाया।

पूर्व में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक विपिन गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार ने चारों कवियों का सम्मान किया।



### भाईचारे का दिया संदेश


अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों ने तत्कालीन घटनाओं, भावप्रवणता, संवेदनशीलता, शब्दों का चयन और तथ्यों की मार्मिकता से प्रस्तुत किया। हास्य व्यंग्यों के माध्यम से प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया तथा मानवीय संबंधों पर रोचक शैली से वातावरण को सरस बनाया।



### भिलाई बिरादरी की रही उपस्थिति

आरंभ में सुरेन्द्र दुबे ने कवियों का परिचय दिया। इस कवि सम्मेलन का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र ने होली के पावन पर्व पर किया गया हैं। आयोजन बीएसपी के राजभाषा विभाग और क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के द्वारा किया गया हैं। मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकों सहित और इस्पात नगरी भिलाई बिरादरी के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मैत्रीबाग में हिरणों को मिलेगी पर्सिम घास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ चिड़ियाघर के नर्सरी में की जा रही तैयार

मैत्रीबाग जू में हिरणों को अब हरे चारे के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हिरणों के लिए पर्सिम घास मैत्रीबाग में ही तैयार की जा रही है। चिड़ियाघर में सौ से अधिक हिरण हैं। मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों में सबसे अधिक तादाद हिरणों की है। इनकी संख्या करीब सवा सौ है। हिरणों को खाने के लिए हरी घास दी जाती है। अधिकतर समय यह घास बाहर से मंगाई जाती है। अब आउटसोर्स के अलावा मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा हिरणों के लिए बर्सिम घास मैत्रीबाग में ही तैयारी की जा रही है। इसे मैत्रीबाग की नर्सरी में उगाया गया है। पर्सिम घास ताजा होने के साथ मुलायम और पौष्टिक भी है। मैत्रीबाग में हिरणों के बाड़े के बाजू में साभरों का एनक्लोजर है। यहां चालीस सांभर हैं। सांभरों को भी चारे के रुप हरी घास दी जाती है।

### आकर्षण का केंद्र बने क्रोकोडायल व घड़ियाल

मैत्रीबाग में क्रोकोडायल ( मगर ) भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। चिड़ियाघर में छह माह पूर्व क्रोकोडायल का एक पेयर लाया गया है। मैत्रीबाग में दो साल पहले तक दो क्रोकोडायल थे। लेकिन के बाद एक दोनों वृद्ध मगरों की मौत के बाद उनके एनक्लोजर खाली थे। दो नए मगर के आ जाने से रौनक बनी हुई है। बच्चों और गांवों से आने वाले पर्यटकों को यह रोमांचित कर रहे हैं। क्रोकोडायल के एनक्लोजर के बाजू में घड़ियालों का बाड़ा है। यहां चार घड़ियाल हैं। घड़ियाल और क्रोकोडायल की कद काठी एक जैसी होने से ग्रामीण क्षेत्रों के पर्यटक घड़ियाल को ही क्रोकोडायल समझ रोमांचित हो रहे हैं। मैत्रीबाग में क्रोकोडायलों और घड़ियालों को खाने के लिए मछलियां परोसी जाती हैं।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई महिला मोर्चा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस रूप से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन के अवसर पर उन सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने अद्भुत कार्य समर्पण से समाज को गौरान्वित किया है। उक्त कार्यक्रम महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष वानिती श्रीनिवासन, प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के अनुशंसा में भिलाई अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन की अध्यक्षता में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, बृजेश बिजपुरिया, रजनी बघेल, सरस्वती बंजारे, कीर्ति नायक, ममता साहू, शीतल नायक, मिनी पांडे, आयुषी पांडे, सरिता मिश्रा, मिथिला खिचरिया, मानसी गुलाटी, तुलसी साहू जिले के सभी पार्षद बहने उपस्थित रहे। पत्रकारिता क्षेत्र से भावना पाण्डेय, संगीता मिश्रा,मनीषा सिंह उपस्तिथि रही। प्रणाम संस्था के संस्थापक पवन केसरवानी के द्वारा अंगदान के महत्व के बारे में बताया और अंगदान करने के लिए प्रेरित किया गया। भिलाई महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने कहा कि जीजा बाई जैसा मातृत्व, अहिल्याबाई होलकर जैसा कृतित्व, लक्ष्मी बाई जैसा नेतृत्व प्रत्येक नारी का परिचय है। जरूरत है अपने अंदर की क्षमताओं को पहचान के निखारने की। मंच का संचालन कंचन सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरला आचार्य, उपासना साहू, गीता विश्वकर्मा,स्मिता दौड़के, कांति वर्मा, प्रमिला दुबे, प्रभा रानी साहू, दीपमाला सिंह, रीता पाण्डेय, पुष्पा गेंडारे, इंदु कौर,रश्मि साव, अनुपमा शुक्ला, सबुजा देवी, कंचन सोनी, पूनम सिंह, मंदा ताई, शांता जंघेल की विशेष भूमिका रही। सुश्री पुष्पा मिश्रा, टोमिन साहू, शमीना बेगम, कुमारी दीदी, परमजीत कौर आदि मौजूद थीं।

# मिलावटी रंग गुलाल पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ होली पर सजा बाजार, सामाजिक संगठनों ने की कार्रवाई की मांग

ट्विनसिटी में रंगों का त्योहार होली का बाजार सजने लगा है। बाजारों में गुणवत्तायुक्त त्योहारों के सामानों के साथ नकली और मिलावटी सामान भी बेचे जा रहे हैं। इनसे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा बना हुआ है। सामाजिक संगठनों ने नगर निगम और प्रशासन से हानिकारक सामग्रियों के बेचे जाने पर रोक लगाने और कार्रवाई की मांग की गई है। ट्विनसिटी में होली का महौल शुरु हो गया। होलिका दहन गुरुवार को और रंगोत्सव शुक्रवार को है। लेकिन स्कूलों, कालेज और मार्केट आदि पब्लिक प्लेस में लोग परंपरानुसार अभी से रंग, गुलाल उड़ाने लगे हैं। त्योहार पर होलिका दहन और दूसरे दिन शहर रंगों से सराबोर रहेगा। इस दौरान भिलाई दुर्ग के बाजारों में कई दुकानों व फुटपाथ पर बिक रहे मिलावटी, गुणवत्ताहीन और रंग, गुलाल आदि से लोगों को स्वास्थ्य की चिंता सता रही है। पावराहाउस बाजार, सुपेला मार्केट, रिसाली, कोहका, खुर्सीपार, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड और सिकोलाभाठा बाजार आदि कई बाजारों की दुकानों में घटिया सामग्री बिक रही है। मुखौटों पर सरकार ने पिछले साल बैन लगाय था। लेकिन बजारों में मुखौटे भी धड़ल्ले से बेचे जा रह हैं। चिकित्सकों के मुताबिक अधिक केमिकलयुक्त रंग गुलाल से स्किन संबंधी बीमारी होती है। सामाजिक संगठनों ने नगर निगम से नकली स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होली सामग्री पर रोक लगाने मांग की है।



### मिलावटी मिठाइयों से सेहत को हानि

होली के त्योहार पर शहर में मिलावटी और नकली मावा की मिठाइयों की बिक्री पर भी रोक लगाने की मांग की गई है। भिलाई दुर्ग के बाजारों में इस साल भी सैकड़ों क्विंटल मिठाईयों के खपाने की तैयारी है। नकली मावा की मिठाइयों से स्वास्थ्य खराब होने की आशंका जताई जा रही है। इसे देखते हुए नगर निगम और प्रशासन से सजगता बरतने और नकली मावा की मिलावटी मिठाईयां पर रोक की मांग की गई है।

### सरकार 1 हजार नहीं न्यूनतम मजदूरी दिलाए



**भिलाई।** महिला दिवस पर रैली व सभा आयोजन छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा द्वारा किया गया। पावरहाउस से निकली रैली सुपेला पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई। सभा में शहीद नगर , मजदूर नगर रायपुर, एसीसी जामुल , ढौर, राजनांदगांव, भिलाई के सभी नगरीय निकाय में के मजदूरों सहित बीएड सहायक शिक्षिक आंगनवाड़ी (रेड स्टार) शामिल हुए। महिलाओं ने अपने ऊपर हो रहे अन्याय और महिला विरोधी नीतियों से निजात की मांग की। यौन हिंसा,बलात्कार ,समाजिक बहिष्कार को गंभीर बताया। महिला सफाई कर्मियों ने कहा कि सरकार हमें एक हजार खाता मे मत डाले बल्की सम्मान और कम से कम 30 हजार न्यूनतम वेतन दे दे। कार्य स्थलों पर अफसर, ठेकेदार, सुपरवाईजर अभद्रता से मुक्ति दिलाए। नीरा डहरिया , मोटम भारती, सोनू बेगम ,तुलसी निषाद, निमेश्वरी, ज्योति, रीमा भारती रायपुर, शालिनी गेरा , दसमत साहू, सुरेंद्र मोहंती , जेपी नायर, रमाकांत बंजारे , कलदास डहरिया, सोरा यादव श्रीपत ने संबोधित किया। सभा के बाद तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## निगम आयुक्त हर दिन कर रहे हैं वार्डों का निरीक्षण


# स्वच्छ सर्वेक्षण रैकिंग सुधारने में जुटा भिलाई निगम का अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम 2024 आने वाली है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं प्रत्येक दिन निरीक्षण कर रहे है। साथ में जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंतागण, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, वार्ड के सुपरवाईजर आदि सब अपने-अपने कार्यो के प्रति मुस्तैद होकर कार्य कर रहे है। शुरू में आयुक्त स्वयं किसी भी जोन में बताकर जाते थे, अब आकस्मिक निरीक्षण करने किसी भी जोन के किसी भी वार्ड में पहुचं जाते है। वहां पर स्वयं निरीक्षण करते है संबंधित को बुलाकर जवाबदेही तय करते है। किसी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित को नोटिस भी दिया जा रहा है।


स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान प्रमुख रूप से नागरिकों का फीड बैक बहुत महत्वपूर्ण है। ऑनलाईन लिंक सिस्टम के माध्यम से करना है। घर-घर कचरा संग्रहण, कबाड़ से जुगाड़, सीएनडी वेस्ट का उपयोग, मार्केट एवं चौंक चौराहो की सफाई, कचरो से पुनः उपयोग, कचरा में कमी लाना, पुराने कचरो को सही ढंग से सेग्रिगेट करना, कचरो से खाद बनाना, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देना, प्रमुख बाजारों में टाइम कचरा लेना, सुलभ शौचालय, उद्यान, तालाब, सड़क आदि की व्यवस्थित साफ-सफाई रखना, यह सब शामिल है। नगर निगम का पुरा प्रयास है कि पुराने रैकिंग में सुधार लाते हुए अच्छा कार्य किया जाये। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि अपने क्षेत्र की स्वच्छता गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अपना भरपूर सहयोग करें। आज इंदौर शहर स्वच्छता में नम्बर 1 पर है, क्योकिं वहा का प्रत्येक नागरिक सफाई में अपना योगदान देते है। कचरा इधर-उधर नहीं फेंकते है, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कर देते है। इसी प्रकार हम सब भी भिलाई शहर को नम्बर 1 बनाने के लिए अपना योगदान दें। जिससे शहर को स्वच्छ एवं साथ-सुथरा बना सकें। अपना शहर भी अन्य शहरो की तरह साफ सुन्दर एवं स्वच्छता में अग्रणी रहे।जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक व्ही के सेमुवल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सागर दुबे एवं जोन स्वच्छता निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से मुस्तैद रहे निगम के जो भी संसाधन है, उसका उपयोग करते हुए कार्य को अच्छे से करना है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

04 तपिश भरी गर्मी से पहले शॉर्ट कॉटन ड्रेसेस से अपडेट कर लें अपना वार्डरोब

लाइव इवेंट

## दिव्यांग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का हुआ चयन



**भिलाई।** 29 व 30 मार्च को बिलासपुर में आयोजित 15वीं जूनियर मास्टर, दिव्यांग राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ टीम का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडीबिल्डर संगठन एवं पल्स जिम रायपुर के डायरेक्टर विनय पांडे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर संगठन की जूनियर मास्टर दिव्यांग बॉडी बिल्डर की टीम रायपुर में चयनित की गई। चयनित खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडीबिल्डर संगठन टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 29 एवं 30 मार्च को बिलासपुर में आयोजित 15वीं जूनियर मास्टर एवं दिव्यांग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश संघ के महासचिव वी राजशेखर राव एवं रायपुर जिले के सचिव विनय पांडे दुर्ग जिले के सचिव अमित बंछोर उपस्थित थे। सभी खिलाड़ियों का 15 दिन का कैंप पल्स जिम रायपुर में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं टीम के कोच विनय पांडे के नेतृत्व में चयनित खिलाड़ियों को 15 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी।

सिटी इवेंट

## मानिकपुरी समाज का होली मिलन कल, फाग गीत से सजेगी शाम



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई के द्वारा कबीर मंदिर एवं सत्संग स्थल पंथी चौक, बोरसी रोड रुआबांधा भिलाई में 13 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, विशेष अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकार, पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू और रिसाली महापौर शशि सिन्हा बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ ही गणमान्य जन और समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे। आयोजन की जानकारी देते हुए मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई के सचिव गुलाब दास ने बताया कि कार्यक्रम में महंतों द्वारा संध्या आरती, कबीर पंथी फाग गीत, होली मिलन गुलाल एवं चंदन के टीका लगा कर फूलों की पंखुड़ियों के छिड़काव से धूम-धाम के साथ होली मिलन मनाये जाने की तैयारी की जा रही है। साथा ही होलिका जलाकर नगाड़े के थाप में फाग गीत गाकर होली का आनंद लेंगें। होली जलाने के बाद कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक आयोजति किया गया है।

सिटी इवेंट

## ज्ञान ज्योति माता सावित्रीबाई के कार्यों को किया याद, मनाई पुण्यतिथि



**भिलाई।** प्रथम शिक्षिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले माता के परिनिर्वाण दिवस पर बुद्ध भूमि कोसा नगर प्रतिमा स्थल के पास श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। इस दौरान मोमबत्ती और अगरबत्ती प्रज्वलित कर माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान त्रिशरण और पंचशील का पाठ भी किया गया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने माता सावित्रीबाई फुले के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया। भिमाई महिला मंडल की अध्यक्षा दानशीला रामटेके ने माता सावित्रीबाई फुले के समाज सेवा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा समानता और बहुजनों के हक और अधिकारों के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस अवसर पर गीतेश्वरी रामटेके, मीनाक्षी मून, कोमल चंद्रिकापुरे, नीतू मेश्राम, माया सुखदेव, अल्का शेन्डे, श्रावस्ती रामटेके, प्रिया मेश्राम, वीरेंद्र मेश्राम, गौतम डोंगरे, प्रेरणा धाबर्डे और डॉक्टर उदय धाबर्डे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन बौद्ध कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रंजू खोबरागड़े ने किया और भविष्य में भी बुद्ध भूमि में रचनात्मक कार्यों को करने पर जोर दिया।

● जेके फाउंडेशन द्वारा महिलाओं का किया गया सम्मान, कौशल्या देवी ने किया नृत्य, खेली होली

# परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण सभी क्षेत्रों में अपने दम पर लहरा रहीं परचमः कौशल्या देवी

महिलाएं समाज की धूरी होती है। क्योंकि वे परिवार और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। और उनके बिना समाज की कल्पना भी नही की जा सकती। यह बातें कौशल्या देवी सॉय ने महिला सम्मान समारोह के दौरान कही। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जे के फाउंडेशन द्वारा 100 महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर फूलों से होली क्रा आनंद भी सभी महिलाओं ने लिया।भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या देवी साय, दुर्ग लोकसभा सांसद की पत्नी रजनी बघेल, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव कि पत्नी डॉ श्रुतिका ताम्रकार यादव, डॉ मानसी गुलाटी, डॉ दीपा मेघानी, नेहा गुप्ता जज लोक अदालत दुर्ग उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना कर की गई।

**भिलाई।** जे के फाउंडेशन कि फाउंडर टी जया रेड्डी द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और अपने उद्बोधन में बताया कि उनकी संस्था लगातार महिलाओं को मंच प्रदान करने विविध आयोजन करते आ रही है और उन्होंने बताया कि उनका पूरा समय महिलाओं को प्रेरित और महिलाओ को आगे बढ़ाने मे अपना पूर्ण योगदान देती है और संस्था सामाजिक काम में भी लगातार लगी हुई है। इस दौरान डॉ मान्या द्वारा उपस्थित महिलाओं बढ़ती उम्र में स्किन की देखभाल करने जानकारी दी गई।



इनका हुआ सम्मान







### विभिन्न क्षेत्र में हुई सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र से डॉ मानसी गुलाटी, डॉ मान्या, डॉ दीपा मेघानी, डॉ नेहा बत्रा, डॉ स्वाति, डॉ पूजा जोहले, ब्यूटीशयन विजयलक्ष्मी, निक्की शर्मा, अर्चना वर्मा, बिंदु सोनी, रंजना हंडा, मौसमी मिश्रा, मिनाक्षी बाघ, अनीता सोनी, दीक्षा रानी, एच रानी देवांगन, सीमा साहू, शिक्षा के क्षेत्र में कल्पना स्वामी, बानेशवरी साहु, नीलिमा पिल्लै, जी गायत्री, जसवीर कौर सरकार, सुषमा मिंज, क्राउन होल्डर सूजेन खान, ममता प्रसाद, मंजू कुर्रे, पूजा महेश, रूचि जैन, किरण रात्रे, टी जया, जुली गुप्ता, निक्की शर्मा, तनु जैन, कविता सिंह, मीनू बिस्ट, ज्योति शांडिल्य, अनिता गढेवाल, नेहा कायवात, प्राची सोनी, सोशल वर्कर राधिका देवांगन, स्नेहा गुलाटी, जी पदमा, खिलेश्वरी साहु, ईशा मुदलियर, मीना पनारिया, ममता गोस्वामी, शीबा एनिमल लवर्स, प्रेमिन साहु, स्मिता खटवानी, प्रमिला खलकों, रंजना बोस, वेणु वर्मा, कविता कुम्भकार, डांस में पूर्वी, ममता राव, संगीत के क्षेत्र में माया बैनर्जी, शिरीशा, एम बी शेलजा, बिजनेस वुमेन पदमा, संध्या साहु, वर्षा बंजारे, पूनम साहु, मेहंदी व आर्ट के क्षेत्र में टी नंदनी, सोनल साहु, अधिवक्ता और सॉफ्टवेयर इंजीनियर ओ राजेश्वरी राव और पत्रकारिता के क्षेत्र में भावना पांडे , कोमल धनेशर, संगीता मिश्रा, मेघा तिवारी सहित अन्य प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### कौशल्या देवी ने किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम में कौशल्या देवी सॉय ने विभिन्न क्षेत्रो में प्रतिभावान महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए महिला दिवस की शुभकामानएं दी। उन्होंने महिलाओं को अपने परिवार व समाज को सही दिशा व दशा में लाने की बातें कही। जिससे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान बन सके। इस दौरान छतीसगढ़ के लोक गीत पर उन्होंने नृत्य किया और महिलाओं को सभी क्षेत्र में आगे आने प्रेरित भी किया। संस्था की कल्पना स्वामी, ईशा मुदलियर, रूचि जैन, टी नंदनी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन खुशबु अंसारी द्वारा किया गया।

## भिलाई में 'जोगिरा' की होली, हजारों युवाओं ने किया सेलिब्रेट



भिलाई। ये तस्वीर भिलाई के जयंती स्टेडियम स्थित भिलाई क्लब की है। जहां प्री-होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस इवेंट में हजारों युवा शामिल हुए। आयोजन का नाम दिया गया था जोगिरा-3 .0, आयोजन प्रमुख अभिषेक सिंह ने बताया कि यह हमारा तीसरा वर्ष था। लगातार तीन वर्षों से भिलाइयंस ने जो प्यार-आशीर्वाद दिया है, वह अद्भूत है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के सभी सुप्रसिद्ध डीजेस ने अपनी प्रस्तुति दी और छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध सिंगर दिलीप षड़ंगी ने विशेष प्रस्तुति देकर भिलाइयंस का जीत लिया। वहीं आनंद धुमाल की थाप में सभी झूमते रहें। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन व बीएसपी प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा। पुलिस की मौजूदगी में यह इवेंट शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। जोगिर के सदस्य ऋषभ, संदीप, पुनीत अंकित, यश, रौनक समेत अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। *(फोटो : संजय पांडेय)*

## छग सेवानिवृत पुलिस अधिकारी कल्याण एसो. के होली मिलन में उड़े रंग-गुलाल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन का होली मिलन समारोह एसोसिएशन के सेक्टर 7 कार्यालय में आयोजित किया गया था।

- पुराने गीत-संगीत से सजी शाम, दोस्तों के साथ यादें की ताजा

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी बी एस ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन के कार्यक्रम में उल्लास बिखेरा और एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक आर. पी. शर्मा, व्ही एस दवे, भारत भूषण शर्मा, रविंद्र उपाध्याय, सुरेश चंद्र गोस्वामी, अजीत यादव, डी एन पांडेय, राकेश जोशी, दिग्विजय सिंह परिहार, सचिन देव शुक्ला, विश्वास चंद्राकर, रोहित बघेल ने अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा करते हुए होली की मस्ती पर गीत गाया और डांस भी किया। इस दौरान नरेंद्र हरियाणो, हरेंद्र सिंह तोमर, वीरेंद्र सत्पथी ,जगदीश उइके, महेश सिंन्हा, एन. के. साहू, विजय शर्मा, सुरेश तिवारी, गिरधारी लाल डड़सेना, चिंतामणि वैष्णव, राम अवतार यदु , सुखे राम ध्रुव, राजाराम भूआर्य सहित स्टेशन के अन्य प्रमुख सदस्य भी उपस्थित थे। सभी लोगों ने गीत- संगीत के माध्यम से एंजाय किया।

मुख्य अभियंता एवं दुर्ग रीजन के अधिकारियों ने दी टीम को बधाई

# अंतर क्षेत्रीय पॉवर कंपनीज कैरम एवं शतरंज स्पर्धा में दुर्ग रीजन के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, ट्रॉफी की अपने नाम

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह, मड़वा में आयोजित अन्तरक्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। मड़वा में आयोजित कैरम प्रतियोगिता में शकुंतला कारक ने महिला एकल श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला युगल श्रेणी में शकुंतला कारक एवं अनिता रोही की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



### कैरम पुरूष वर्ग के एकल श्रेणी में पी नागेश्वर ने प्राप्त किया पांचवां

कैरम पुरुष वर्ग के एकल श्रेणी में पी.नागेश्वर राव ने पॉचवां एवं अजित देवांगन ने आठवां स्थान प्राप्त किया। कैरम टीम में बी.एस.राजपूत, एन ए कुरैशी, अमित शर्मा एवं प्रेमचंद मण्डले शामिल रहे। शतरंज प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सुरेश वर्मा 4.5 अंकों के साथ प्रथम एवं राजेश गोपाल गुप्ता ने 4.5 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर रीजन को गौरान्वित किया। शतरंज प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन के खिलाड़ी मनीष ठाकुर एवं यशवंत कुमार चन्द्राकर ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैरम खिलाड़ी शकुंतला कारक, अनिता रोही, पी.नागेश्वर राव एवं अजित देवांगन तथा शतरंज खिलाड़ी सुरेश वर्मा एवं राजेश गोपाल गुप्ता को नेशनल लेवल पर होने वाले अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम में जगह मिली है।

### खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

दुर्ग क्षेत्र के कैरम एवं शतरंज टीम के सभी खिलाड़ियों ने मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की। श्री खंडेलवाल ने खिलाड़ियों को शाबासी देते हुए उनकी कड़ी मेहनत और लगन की प्रशंसा की। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एस.मनोज, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी डी.के.डुम्भरे एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संतोष साहू सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## सिटी इवेंट

# आंगनबाड़ी में बच्चों को सुपोषित बनाने बांटे पोषण आहार, दिए टिप्स



**भिलाई।** सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एम्पथी जीई फाउंडेशन ने सुपोषण अभियान के अंतर्गत शास्त्री चौक, शास्त्री नगर-1, तीन दर्शन मंदिर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार का वितरण किया। इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और बच्चों को कुपोषण से बचाने आगे आने का आह्वान किया गया। सुपोषण अभियान के अंतर्गत जीई फाउंडेशन के सदस्य मंगलवार को शास्त्री नगर आंगनबाड़ी पहुंचे। यहां बच्चों को प्रोटीन पाउडर, सोया बड़ी और बिस्किट सहित पोषण आहार प्रदान किया गया। माताओं को बच्चों में कुपोषण दूर करने के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान माताओं ने अपने बच्चों को सुपोषित बनाने शपथ ली। परिक्षेत्र की सुपरवाइजर अंजू यादव ने नोनी योजना के समस्त पात्र हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र रहे हितग्राहियों की मृत्यु उपरांत अंतरित राशि राज्य शासन को वापस करने के संबंध में प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। जीई फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया। इस संबंध में उन्होंने समस्त औपचारिकताओं की जानकारी हितग्राही माताओं को दी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता डाकोरे, तबस्सुम, रुक्मिणी चंद्राकर, रंजना बागड़े और रक्मिणी कश्यप तथा जीई फाउंडेशन की ओर से प्रकाश देशमुख, सोनम सागर और विशाखा मंगुड़े सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

- हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं की भी दी जानकारी
- बच्चों को कुपोषण से बचाने आगे आने का आह्वान

## धर्म इवेंट

# मां कल्याणी शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि का महापर्व 30 मार्च से



**भिलाई।** मां कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टैंक रिसाली में चैत्र नवरात्रि का महापर्व 30 मार्च से आयोजित किया जाएगा।जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। यहां पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के लिए राशि निर्धारित की गई है। नवरात्र प्रारंभ पर 30 मार्च की सुबह 11.36 से घट स्थापना, वेदी पूजन, देवी आह्वान के बाद ज्योति कलश का प्रज्वलन होगा। रात्रि में जय मारादेव मरिया पूरन जस परिवार पचपेड़ी धमतरी की प्रस्तुति होगी। 31 मार्च को मतौनी किल्लेकोडा, डौंडीलोहारा के कलाकारों के द्वारा रिकॉर्डिंग डांस, 1 अप्रैल को नवा अंजोर नाट्य सस्था बोरीगारका उतई के कलाकारों का कथा प्रसंग सीता स्वयंमबर, 2 अप्रैल की दोपहर 12 बजे से मन्दिर में बाना परघौंनी, बेरग पूजा, सक्ति पूजा, कलश चढ़ावा व माता श्रृंगार का कार्यक्रम होगा। 2 अप्रैल की रात्रि में 8 बजे से रोशन साहू कृत हमर छतीसगढ़ लोककला मच नन्दनी नगर दुर्ग की प्रस्तुति होगी। 3 अप्रैल को एक नए अंदाज में सुपरहीट झांकी अजय माँ अम्बे नन्दगईहा जय जस झाकी महरूमकला ठेलकाडीह राजनांदगांव की प्रस्तुति होंगी। 4 अप्रैल को जय मां दंतेश्वरी बस्तरीहन रामधुनी चमर्राटोला मानपुर मोहला की प्रस्तुति होगी। 5 अप्रैल को बिसम्भर यादव मरहा सम्मान सीताराम साहू पेरी को दी जायेगी। साथ ही स्व अलख यादव स्मृति प्रतिभा सम्मान से हिषा बघेल बोरिगारका को अग्नि वीर को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही रात्रि 10 बजे से रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी की प्रस्तुति होगी।

- होंगे विविध कार्यक्रम
- 30 मार्च से 5 अप्रैल तक चलेगा चैत नवरात्रि का पर्व

## लाइव इवेंट

# महिलाओं ने खेली विधायक देवेंद्र के साथ फूलों की होली

**भिलाई।** महाराष्ट्र मंडल में जिला स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भिलाई विस व वैशाली नगर विस के सभी बूथ, जिला के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम आयोजक लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा और महासचिव एनएसयूआई आकाश कनोजिया रहे। मुख्य अतिथि के रुप में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव मौजूद थे। समारोह में आकर्षण का केंद्र भोपाल से पहुचे संगीतकार व यह खेली गई फूलों की होली थी। यह फूलों से खेली हुई होली का नजारा देखते ही बनता था। लोग के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई थी। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अपना परिवार है। परिवार जनों के संग होली खेल कर बहुत अच्छा महसूस होने की बात कही है।



## ● रमजान माह में तालीम के लिए जकात देने लोगों को कर रहे प्रेरित

# 'तालीम के लिए जकात' की मुहिम शुरू की 'इकरा' ने, जकात लेने वालों को देने वालों में बदलना मकसद

**भिलाई।** ट्विनसिटी दुर्ग-भिलाई में सक्रिय संगठन इकरा टीचर्स एसोसिएशन ने रमजान के महीने में जकात का हिस्सा तालीम के लिए लेने मुहिम शुरू की है। एसोसिएशन की ओर से इस रमजान माह में तालीम के लिए जकात देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। एसोसिएशन की समीना फारुकी, सदर यास्मीन नाज और सचिव एयू खान का मानना है कि इसके जरिए जरूरतमंद बच्चों का भविष्य संवारने की कोशिशों को मजबूती मिलेगी। 2006 में ट्विनसिटी के कुछ जागरुक लोगों द्वारा शुरू की गई इकरा टीचर्स एसोसिएशन के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि उनका संगठन एक वक्फ जकात फाउंडेशन है, जो जरूरतमंद और गरीबों को प्राथमिक तकनीकी (आईटीआई) से लेकर उच्च स्तर तक की तकनीकी शिक्षा के लिए सहयोग करता है। इसके लिए जकात सबसे बड़ा जरिया है। पदाधिकारियों के मुताबिक उनके संगठन का मकसद जकात लेने वालों को जकात देने वालों में बदलना है और इस मकसद में काफी हद तक कामयाबी भी मिल रही है। जिसमें एसोसिएशन के माध्यम से अब तक कई सौ जरूरतमंद बच्चों की पूरी फीस के भुगतान के साथ मदद की गई। इसके साथ ही हर वर्ष विभिन्न कक्षाओं के प्रावीण्यता प्राप्त होनहार बच्चों का सम्मान किया जाता है।




### 25 नौजवानों को खास तौर पर बुलाकर किया सम्मानित

हाल ही में एसोसिएशन के सालाना आयोजन में अंचल के ऐसे 25 नौजवानों को खास तौर पर बुलाकर सम्मानित किया गया था, जिन्होंने इकरा टीचर्स एसोसिएशन की मदद से अपनी तालीम पूरी की और आज देश-विदेश में जॉब कर रहे हैं। ये सभी अब नई पीढ़ी के बच्चों का भविष्य संवारने अपना योगदान दे रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय अपनी आय का एक निश्चित हिस्सा जकात (दान) के लिए निकालता है। ऐसे में इकरा टीचर्स एसोसिएशन ऐसे सभी लोगों से तालीम के लिए जकात देने अपील कर रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि तालीम के लिए दी गई जकात से किसी जरूरतमंद बच्चे का भविष्य संवर सकता है, ऐसे में इसकी अहमियत को देखते हुए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। इकरा टीचर्स एसोसिएशन से शकील अहमद खान, गौसुल वरा खान, अजमेरी खान, शेख जाफर, श्रीमती शहनाज, सैयद जाफर, शायना परवीन, नसरीन नाज और कुमारी शहनाज सहित तमाम लोगों ने माहे रमजान में जकात का एक हिस्सा तालीम के लिए निकालने की अपील की है।



### खानकाह में बाबा भोला शाह का जन्मदिन और इफ्तार 13 को

सूफी संत बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि के जन्मदिन के मौके पर सालाना इफ्तार का आयोजन 13 मार्च की शाम रखा गया है। नंदिनी एयरोड्रम के समीप ग्राम बीरेभाठ स्थित खानकाह (आश्रम) में रोजा इफ्तार के बाद नमाज होगी और इसके बाद शिजरा ख्वानी और फातिहा ख्वानी रखी गई। इसके साथ ही आम लंगर भी रखा गया है और दुआए खैर की जाएगी।

### जानिए क्या है ज़कात और फ़ितरा और क्यों दिया जाता है रमजान में?



मदरसा ताज उल उलूम, रुआबांधा के प्रिंसिपल मुफ्ती मुहम्मद शाहिद अली मिस्बाही ने बताया कि जकात और फ़ितरा इस्लामिक दान हैं। ज़कात इस्लाम में फर्ज (अनिवार्य) है, जिसमें हैसियत मंद को अपनी संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा (2.5 फीसदी) साल में एक बार जरूरतमंदों को देना अनिवार्य है। इसी तरह फितरा भी एक विशेष प्रकार का दान है जो रमजान महीने के अंत में ईद-उल-फितर की नमाज़ से पहले अदा किया जाना वाजिब है। जिसमें गेंहू, जौ, खजूर और किशमिश के मौजूदा बाजार मूल्य के हिसाब से 2 किलो 47 ग्राम की रकम परिवार के हर सदस्य की तरफ से दी जाती है। ज़कात-फितरा का मकसद गरीबों, यतीमों, विधवाओं, और अन्य जरूरतमंदों की मदद करना है। ज़कात देने से समाज में समृद्धि और आर्थिक समानता आती है। इसका उद्देश्य गरीबों और जरूरतमंदों को ईद के मौके पर खुशियां मनाने के लिए मदद प्रदान करना है।

## समाजसेवा...

# यूथ सिख सेवा समिति ने छह बच्चों को छात्रवृत्ति के बांटे चेक



**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति भिलाई को बने कुछ ही दिन हुए है और ये समिति निरंतर सिख समाज की सेवा कार्य में आगे चल रही है। चाहे वो बच्चों के स्कूल फीस हो या नेशनल व इंटरनेशनल खेलने में बच्चों की मदद की या फिर मृत्युपरांत लंगर सेवा और किसी निर्धन कन्या की शादी कराने सहित सभी कार्यों में सेवाभाव से कार्य कर रही है। सामाजिक सेवा के इसी क्रम में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के एचटीसी के ऑफिस में 6 बच्चों को छात्रवृत्ति के तहत चेक बांटे गए। जिसमें गुरुनानक स्कूल सेक्टर 6 के दो बच्चों को क्लास 10वीं की बच्ची को 24400 रुपए, कक्षा 6वीं के छात्र को 17600 रु, कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर के कक्षा 6 के बच्चे को 30000 रु, हैप्पी पब्लिक स्कूल के 2 बच्चे कक्षा 7वीं की बच्ची को 10260 रु और कक्षा तीसरी के बच्चे को 7480 रुपए और शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी के मैकेनिकल के चौथे सेमेस्टर के छात्र को 20000 रुपए की छात्रवृत्ति समिति के द्वारा प्रदान की गई।

### महिला को दी गई सिलाई मशीन

इस दौरान घर पर रह कर सिलाई करके अपने बच्चों की पढ़ाई और परिवार चलाने आर्थिक रुप से संबल बनाने इंदरजीत सिंह द्वारा जरुरतमंद महिला को सिलाई मशीन दी गई। महिला दिवस के अवसर पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। समिति में कार्य करते हुए अपनी अहम उपस्थिति दर्ज कराने वाली महिला सदस्यों को यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के सभी सदस्यों के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान दिया गया। सम्मान पाकर समिति की महिलाएं प्रसन्न दिखाई दी।



## वितरित किया आंवले का पौधा

# मातृशक्ति ने स्थापना दिवस पर लिए नए संकल्प, किया होली मिलन



**भिलाई।** मातृशक्ति फाउंडेशन ने अपने स्थापना दिवस पर नए संकल्प लिये। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक दूसरे को आंवले का पौधा देते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। संस्था आपसी सहयोग से बेटियों को शिक्षा के लिए सहयोग प्रदान करती है। फूल-गुलाल की होली खेलते हुए सभी सखियों ने एक दूसरे को बेहतर मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का संचालन अंजलि ने किया तो वहीं वहीं नीना और सुनीता ने अपनी कविताओं से महिलाओं की समाज एवं परिवार में भूमिका को रेखांकित किया। रेणु ने अपनी सुमधुर आवाज में गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिये। आरंभ में संस्था की अध्यक्ष डॉ अलका दास ने फाउंडेशन के उद्देश्यों और कार्यक्रमों की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि संस्था सखियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना चाहती है जहां वे न केवल स्वयं की पहचान बना सकती हैं बल्कि एक दूसरे से जुड़कर ज्यादा मजबूती से अपने सपनों को आकार दे सकती हैं। अपने दूसरे स्थापना दिवस पर फाउंडेशन ने पौध रोपण एवं देखभाल का संकल्प लिया है। इस अवसर पर अलका दास ने कहा कि सभी को आंवले का पौधा दिया गया, इस पौधे की पूरे गर्मी में घर पर ही रखकर सेवा करनी है तथा वर्षाकाल प्रारंभ होने के बाद इसे किसी ऐसे स्थान पर रोप देना है जहां इसकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



रूपाली और सरोज ने जहां परस्पर प्रेम एवं अपनत्व का परिचय दिया वहीं अंजू कठपालिया, तृप्ति, गीता श्रीवास्तव, रमा श्रीवास्तव, जयश्री प्रधान, रेनू श्रीवास्तव, आरती, रिया, मुकेश, मंजूषा जोशी, निशा सिंह, अंजू और निशा सिंह ने हल्दी कुमकुम लगाकर स्वागत किया।

## देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई में महिलाओं के लिए विविध आयोजन

# महिलाएं समाज की धुरी है, समाज व देश को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण योगदान, उनकी उपेक्षा और अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान सभी वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं। उनकी उपेक्षा एवं अपमान बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि महिलाएं अपनी ताकत पहचाने तथा सुखी परिवार एवं समृद्ध समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, डॉ. लता देवांगन, पूर्व प्राचार्य प्रभा देवांगन, जिला महिला देवांगन समाज की अध्यक्ष कीर्ति देवांगन, सचिव फुलवा देवांगन, भिलाई 3 महिला सचिव दीपिका देवांगन उपस्थित थे। देर रात तक चले समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं का समिति द्वारा सम्मान किया गया।



### महिलाएं सृष्टि की अनुपम रचना, उसका सम्मान करें: शशि

समारोह को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि सशक्त महिलाएं ही परिवार, समाज एवं देश को सशक्त बनाती हैं। इसलिए महिला सशक्तिकरण जरूरी है। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि महिलाएं सृष्टि की अनुपम रचना है, उसका सम्मान करें। उन्होंने महिलाओं को आगे आकर अपनी प्रतिभा दिखाने का आव्हान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने पर जोर दिया। सुमन देवांगन एवं कल्पना भानु देवांगन द्वारा समाज की महिलाओं के लिए रोचक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम और विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील महिलाएं, महिलाओं की प्रगति में बाधक तत्व, रूढ़िवादी बेड़ियों एवं परंपराओं से मुक्ति, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महिलाओं का योगदान आदि विषयों पर आमंत्रित अतिथियों और महिलाओं ने खुलकर विचार रखे। महिलाओं ने रस्साकशी एवं अन्य ग्रुप गेम का खूब आनंद उठाया।

### ये हुए शामिल

समारोह को डॉ. लता देवांगन, सुमित्रा देवांगन, नेक प्रभा देवांगन, मधुबाला देवांगन, दीपिका देवांगन, माहेश्वरी देवांगन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिलाओं पर केंद्रित रोचक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। सही उत्तर देने वाली विजेता महिलाओं को स्पॉट पर ही पुरस्कृत किया गया। समारोह का संचालन सुमन देवांगन एवं आभार प्रदर्शन कल्पना भानु देवांगन ने किया। इस अवसर पर देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, उपाध्यक्ष गण त्रिलोक देवांगन, टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, सहसचिव गण जनार्दन देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल, लक्ष्मी, हेम कैलाश, सत्यपाल, शकुंतला बांकुरे, जयश्री, गायत्री, माहेश्वरी, मधुबाला, कामना देवांगन आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे



## लाइफ स्टाइल

### स्टाइल का मेल




साल 2025 को भारतीय फैशन के लिहाज से रोमांचकारी माना जा रहा है। जिसमें फैशन के क्षेत्र में अलग-अलग स्टाइल का मिश्रण देखने को मिल रहा है। साड़ी और लहंगे जैसे पारंपरिक भारतीय परिधानों को नए कट और कपड़ों के साथ आधुनिक रूप दिया जा रहा है। लेस और मोती जैसे विंटेज वापस आ रहे हैं, जो एक क्लासिक टच जोड़ रहे हैं। पैलेट अधिक शांत रंगों की ओर बढ़ रहा है, जिसमें ग्रे और गहरे लाल रंग सुर्खियों में हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डब्ल्यूडब्ल्यूई' के दीवानों को अब ओटीटी भाएगा, एक अप्रैल से प्रसारण



'डब्ल्यूडब्ल्यूई' के भारत सहित दुनिया में करोड़ों दीवाने हैं। अब भारतीय फैंस यह शो ओटीटी पर भी देख सकेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई' के सभी साप्ताहिक फ्लैगशिप शो के साथ इसके प्रीमियम लाइव इवेंट का भी आनंद उठा सकेंगे। 'रॉ', 'एनएक्सटी' और 'स्मैकडाउन' के साथ-साथ 'डब्ल्यूडब्ल्यूई' के प्रीमियम लाइव इवेंट जैसे 'समरस्लैम', 'मनी इन द बैंक', 'रॉयल रंबल' और आगामी 'रेसलमेनिया' को फैंस स्ट्रीम कर पाएंगे। फैंस इस बेहतरीन स्क्रिप्टेड कंटेंट का लाइव हिंदी कमेंट्री का भी आनंद ले सकेंगे।

'डब्ल्यूडब्ल्यूई' के चीफ कंटेंट ऑफिसर पॉल ₹ट्रिपल एच₹ लेवेस्क ने भारतीय प्रशंसकों का नेटफ्लिक्स की दुनिया खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संदेश साझा किया। साथ ही उन्होंने इसके स्ट्रीमिंग डेट की भी घोषणा की। यह शो 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित किया जाएगा। 'डब्ल्यूडब्ल्यूई' एक रेसलिंग गेम हैं, जो दुनियाभर के दर्शकों का खेल के माध्यम से मनोरंजन करता है। विश्वभर में यह 20 से अधिक भाषाओं में देखा जाता है। अब यह ओटीटी पर भी मौजूद होगा।

### टॉलीवुड

## दिल राजू करेंगे 'जटायु' का निर्माण प्रभास और त्रिविक्रम आए साथ



साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बड़े पैमाने पर इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। फिल्म में प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिलेगा। वहीं, इस बीच प्रभास के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है, जो अभिनेता की नई फिल्म से जुड़ी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुपरस्टार प्रभास साउथ निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ मिलकर एक बड़े बजट की फिल्म बना रहे हैं, जिसका संभावित नाम 'जटायु' रखा गया है। सिने जोश की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का निर्माण फिल्म निर्माता दिल राजू कर रहे हैं, जिन्होंने पहले सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म की योजना बनाई थी, लेकिन अब वह प्रभास के साथ फिल्म बनाने पर विचार कर रहे हैं। हनु राघवपुडी की एक्शन ड्रामा और हॉरर कॉमेडी 'द राजा साब' जैसी कई परियोजनाओं में व्यस्त होने के बावजूद दिल राजू कथित तौर पर इस प्रोजेक्ट को करने के लिए उत्सुक हैं। बताया जाता है कि 'जटायु' की कहानी सबसे पहले निर्देशक मोहन कृष्णा इंद्रगंती ने राजू को सुझाई थी, जिन्होंने इस फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर करने की योजना बनाई थी। हालांकि, दिल राजू ने अब श्रीनिवास से संपर्क किया है, जिसका कारण है पौराणिक कथाओं में उनकी विशेषज्ञता। मोहन कृष्णा इंद्रगंती इस फिल्म को लिखेंगे। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को एक रियल हॉलीवुड सुपरहीरो फिल्म बताया है। वहीं, बात करें प्रभास की आने वाली फिल्मों के बारे में तो अभिनेता के पास अगले कई प्रोजेक्ट हैं- संदीप रेड्डी वांगा के साथ 'स्पिरिट', प्रशांत नील के साथ 'सालार 2', और कन्नप्पा (कैमियो) आदि।

### छॉलीवुड

## 'मया के पाती' लिखेगी प्यार की नयी परिभाषा, 21 मार्च को होगी रिलीज




स्काईलाइन स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म "मया के पाती" प्यार की अनोखी कहानी है। एक बेहद खूबसूरत लव स्टोरी है जिसमें कामेडी का धाँसू तड़का है। 21 मार्च को यह फिल्म छत्तीसगढ़ के सभी सिनेमा हॉल में रिलीज होने जा रही है।

फ़िल्म के डायरेक्टर जे नूतन पंकज ने बताया कि 'मया के पाती' में छत्तीसगढ़ की खूबसूरती दिखाने के लिए रायपुर से कांकेर के आस पास बहुत अच्छे अच्छे लोकेशंस हैं जो फिल्म की कहानी को एक नया आयाम देंगे। इस फ़िल्म के माध्यम से हम सच्चे प्यार की नयी परिभाषा को दिखाने की कोशिश कर रहें हैं। हर किसी को 'मया के पाती' की कहानी कहीं ना कहीं उनकी अपनी कहानी लगेगी।

'मया के पाती' फ़िल्म की प्रोडूसर नूतन शंकर कहा कि बिते कुछ सालों में छत्तीसगढ़ फ़िल्म देखने का क्रेज़ बढ़ा है, छत्तीसगढ़ी की प्यारी जनता साफ़ सुथरी और मनोरंजक फ़िल्म देखना चाहती है और 'मया के पाती' इसी कड़ी में एक बहुत ही बेहतरीन पेशकश है। नूतन ने दावा किया कि आज तक लव स्टोरी की ऐसी कहानी पे फ़िल्म नहीं बनी है। 'मया के पाती' एक विजुअल ट्रीट साबित होगी।

फ़िल्म के डायरेक्टर जे नूतन पंकज ने बताया कि कुल सात गाने हैं और सब एक से एक बढ़कर, अत्यंत कर्णप्रिय हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि मया के पाती के गीत छत्तीसगढ़ी संगीत को एक नया आयाम देंगे। इसके गीत ज़ी म्यूजिक छत्तीसगढ़ी से रिलीज़ हो रहें हैं

फ़िल्म के मुख्य कलाकार हैं काजल सोनबर, किशन सेन, भूपेश लिलहारे, श्रुति सिंह, दिव्या नागदेव, मोहन चौहान, संगीता निषाद, कीर्ति जैसवाल, रघुबीर सिंह, राजा ठाकुर, कैमरामैन राज ठाकुर, कोरियोग्राफर-वत्सल, मिहिर, म्यूजिक डायरेक्टर-जे नूतन पंकज, सूरज महानंद,डायरेक्शन टीम-उद्धव यादव, राकेश विक्रम सिंह, दीपक जैन, प्रोडक्शन सरोज यादव, कॉस्ट्यूम-कीर्ति शंकर है।

# ऑयली स्किन के लिए घर पर ही बनाएं खास तरह के फेस मिस्ट

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो रिफ्रेशिंग फेस मिस्ट का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा आइडिया है। हालांकि, इसे बाजार से खरीदने की जगह आप खुद घर पर ही बना सकती हैं।



### गुलाब जल और विच हेज़ल से बनाएं मिस्ट

यह पोर्स को टाइटन करता है और स्किन को हाइड्रेट करता है। गुलाब जल आपकी स्किन को कूलिंग इफेक्ट भी देता है। इसके लिए आधा कप गुलाब जल,2 बड़े चम्मच विच हेज़ल, 3-4 बूंदे टी ट्री एसेंशियल ऑयल और स्प्रे बोतल को मिक्स करें ।अब इसे एक स्प्रे बोतल में डालकर मिक्स करें और फ्रिज में स्टोर करें। क्लींजिंग के बाद या स्किन को रिफ्रेशिंग फील देने के लिए चेहरे पर स्प्रे करें।

### एलोवेरा और ग्रीन टी से बनाएं फेस मिस्ट

एलोवेरा जेल और ग्रीन टी की मदद से भी फेस मिस्ट बनाया जा सकता है। जहां एलोवेरा जेल स्किन को चिपचिपा बनाए बिना हाइड्रेट करता है, वहीं ग्रीन टी अतिरिक्त ऑयल कंट्रोल करता है। इसके लिए आधा कप उबली हुई ग्रीन टी, 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल और विच हेज़ल की 3-4 बूंदे चाहिए। सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसे ठंडा करें। अब इसमें एलोवेरा जेल और विच हेजल को मिक्स करें। अब इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और इस्तेमाल करें।

### ऑरेंज पील और रोज़ वॉटर फेस मिस्ट

ऑरेंज पील में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो आपकी स्किन को अधिक ब्राइटन करता है। साथ ही साथ,

रोज़ वॉटर पोर्स को टोन और टाइटन करता है। इसके लिए एक बड़ा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर आधा कप गुलाब जल आधा कप डिस्टिल्ड वॉटर, 2-3 बूंदें, लेमन एसेंशियल ऑयल को मिक्स करें। अब आप फ्रेश व ब्राइट लुक के लिए इसे सुबह स्प्रे करें या फिर सनस्क्रीन लगाने से पहले इस्तेमाल करें।

## तपिश भरी गर्मी से पहले शॉर्ट कॉटन ड्रेसेस से अपडेट कर लें अपना वार्डरोब



गर्मियां शुरू होने से पहले यदि आप भी अपने वार्डरोब में अपडेट करना चाहती हैं तो आज हम आपको कुछ शार्ट कॉटन ड्रेसेस का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप भी आइडिया लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं। मार्च का महीना शुरू होते ही हल्की गर्मियों ने भी दस्तक दे दी है। ऐसे में अब अधिकतर लोगों ने अपने वार्डरोब भी गर्मी के हिसाब से अपडेट करना शुरू कर लिया होगा। अब सर्दियों के भारी-भरकम कपड़ों की जगह वार्डरोब में लाइट वेट कम्फर्टेबल कपड़े नजर अलमारी में दिखने लगेंगे। गर्मी के मौसम में अधिकतर लोग कॉटन के कपड़े ज्यादा पहनना पसंद करते हैं। इस फैब्रिक के अटायर स्टाइलिश और कूल दिखने के साथ काफी आरामदायक भी होते हैं।



### व्हाइट चिकनकारी ऑफ शोल्डर ड्रेस

आप अगर अपने वार्डरोब में समर रेडी लुक रखना चाहती हैं तो उसके लिए टीना दत्ता की व्हाइट चिकनकारी वर्क शार्ट ड्रेस बेस्ट ऑप्शन है। एक्ट्रेस की इस ड्रेस का लुक ऑफ शोल्डर है। ऐसे में उनका लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लग रहा है। इस ड्रेस के संग आप व्हाइट कलर के बिग हूप्स इयररिंग्स कैरी करें। साथ में हेयर स्टाइल में मेसी बन बनाएं और मेकअप को ग्लॉसी टच दें। इस ड्रेस के संग व्हाइट कलर की मैचिंग हील्स बेस्ट रहेंगी। ऐसी ड्रेसेस डे पार्टी में आपको बेहद ग्लैमरस लुक देंगी।

### लूज फिटिंग हार्ट प्रिंट ड्रेस

हर कोई गर्मियों के मौसम में ऐसे कपड़े पहनना पसंद करता है जो कि कम्फर्टेबल होने के साथ स्मार्ट भी नजर आएं। ऐसे में आप फोटो में नजर आ रही लूज फिटिंग वाली हार्ट प्रिंटकॉटन ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। ऐसी ड्रेसेस गर्मी के मौसम में कैरी करने के बाद एकदम फ्रेश लुक देती हैं। इस ड्रेस के संग आप रेड एंड व्हाइट कॉम्बिनेशन वाले कोई भी फंकी इयररिंग्स कैरी करें। साथ में सिल्वर चेन रेड पेंडेंट वाला नेकपीस भी पहन सकती हैं। इस तरह की ड्रेसेस ऑफिस से लेकर वेकेशन तक हर जगह स्टाइल की जा सकती हैं। इनके संग आप व्हाइट कलर के शूज पहनें और हेयर स्टाइल को फ्रंट फ्लिक्स के साथ पौनी लुक दें। ऑनलाइन ऐसी ड्रेस आपको 500 से 1000 रुपये तक में मिल जाएंगी।

## घरेलू नुस्खा बालों की पतली चोटी को कर सकता है मोटा

लंबे बाल हम सभी को पसंद होते हैं। लेकिन आजकल के बदलते लाइफस्टाइल की वजह से बालों का ध्यान हम नहीं रख पाते हैं। ऐसे में हमारे बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में हम महंगे ट्रीटमेंट लेते हैं। लेकिन इसके बाद भी बाल सही नहीं होते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ ऐसे तरीके को ट्राई करें, जिससे आपके बाल मोटे हो जाएं। इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए नुस्खे को ट्राई कर सकती हैं। ये घरेलू तरीका है। जिसे ट्राई करके आपके बाल अच्छे नजर आएंगे।

हेयर स्प्रे बनाने के लिए चावल- 2 चम्मच,चाय पत्ती- 1 चम्मच,लौंग - 5 से 6 और पानी- आधा कप चाहिए। इसके लिए आपको एक कटोरी लेनी है। अब इसमें चावल लेने हैं। फिर इसमें आपको चाय पत्ती डालनी है। इसके बाद इसमें लौंग डालें और पानी डालकर इसे अच्छे से भिगोकर 2 दिन के लिए रखें। जब ये सारी चीजें अच्छे से भीग जाएं तो इसे छलनी से छान लें। अब इसे स्प्रे बोतल में डालकर स्टोर करें।

**इस तरह करें स्प्रे का इस्तेमाल:** आपको इसके लिए बालों को अच्छे से ब्रश करना है। इसके बाद इसे अपने बालों में स्प्रे करना है। इसे आपको बालों के स्कैल्प में अच्छे से स्प्रे करना है। इसके बाद बालों में मसाज करनी है। इसे 15 मिनट लगा रहने दें। इसके बाद बालों को शैंपू से साफ करें। इसे लगाने से आपके बाल मोटे हो जाएंगे। इस तरह के हेयर स्प्रे को आप बालों में रोजाना भी ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही, आपको ज्यादा चीजों को इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। आसानी से आप इसे ट्राई कर सकती हैं।



साथ ही, चाहें तो स्टोर करके भी रख सकते हैं। इसके बाद आपको बाजार के प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। लेकिन अगर आपको बालों से जुड़ी कोई प्रॉब्लम है, तो आप एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं।

## पिगमेंटिड लिप्स को संवारने नेचुरल स्क्रब से निखारें खूबसूरती, दिखेगी चमक

होंठों का कालापन किसी को अच्छा नहीं लगता। धूप से लेकर डिहाइड्रेशन तक, कई वजहों से होंठ काले या पिगमेंटेड हो जाते हैं। ऐसे में अक्सर इसे छिपाने के लिए हम लिपस्टिक का इस्तेमाल करते हैं या फिर महंगे लिप ट्रीटमेंट लेते हैं। जबकि आपको वास्तव में ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है। पिग्मेंटिड लिप्स से निजात पाने के लिए आप खुद घर पर ही लिप स्क्रब बना सकती हैं।

हल्दी और दूध का स्क्रब बनाने आधा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चीनी चाहिए। सबसे पहले एक बाउल में हल्दी पाउडर, कच्चा दूध और चीनी डालकर मिक्स करें। अब इस पेस्ट को अपने होंठों पर लगाएं और धीरे से स्क्रब करें। इसे 3-4 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पोंछ लें। इसके बाद लिप बाम लगाएं। आप हफ़्ते में दो बार इस लिप स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### चुकंदर और चीनी स्क्रब

यह एक ऐसा स्क्रब है, जो आपको नेचुरली पिंक लिप्स देने में मदद करता है। चुकंदर होंठों को नेचुरली गुलाबी रंग देता है और पिगमेंटेशन को हटाता है। इसके लिए आधा चम्मच कद्दूकस किया हुआ चुकंदर, आधा चम्मच चीनी और आधा चम्मच नारियल का तेल चाहिए। लिप स्क्रब बनाने के लिए आप सभी सामग्री को मिक्स करें। अब इस स्क्रब को अपने होंठों पर 2-3 मिनट तक रगड़ें। इसे थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, ताकि चुकंदर का रस आपके होंठों पर प्राकृतिक रूप से लग जाए। आप हफ़्ते में 3-4 बार इसका इस्तेमाल करें।



### कार्नर न्यूज

### जरूरत है फैशन स्टाइलिंग में सावधानी बरतने की

# फैशन स्टाइलिंग में होने वाली चूक की वजह से उम्र से काफी बड़ी दिख सकती हैं आप, रखें जरा ध्यान

अक्सर अपने लुक को स्टनिंग दिखाने के लिए हम खुद को तरह-तरह से स्टाइल करते हैं, लेकिन फैशन स्टाइलिंग के दौरान की जाने वाली कुछ छोटी-छोटी मिसटेक्स आपको बूढ़ा दिखा सकती हैं।

महिलाएं हमेशा ही खुद को बेहद ही ग्रेसफुल तरीके से कैरी करना चाहती हैं और इसलिए अक्सर अपने स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। अमूमन वे अपने लुक को स्टनिंग दिखाने के लिए अलग-अलग तरह के आउटफिट पहनती हैं। हालांकि, हर बार आपका लुक स्टनिंग ही नजर आए, यह जरूरी नहीं है। फैशन का मतलब होता है खुद को अभिव्यक्त करना, लेकिन कभी-कभी स्टाइलिंग की छोटी-छोटी गलतियां अनजाने में आपके लुक को बूढ़ा दिखा सकती हैं। हम सभी ने कभी ना कभी इसे एक्सपीरियंस किया है।

गलत फिटिंग को चुनने से लेकर उन्हीं पुराने स्टाइल को अपनाकर हम अपने लुक को खराब कर सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि इन गलतियों से बचा जाए। आप कपड़ों के कलर कॉम्बिनेशन से



लेकर फुटवियर तक हर छोटी-बड़ी बात पर फोकस करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको फैशन स्टाइलिंग से जुड़ी कुछ ऐसी ही मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपको उम्र से अधिक बड़ा दिखा सकती हैं-

### फिटिंग पर फोकस ना करना

आप चाहे कोई भी आउटफिट पहनती हैं, उसकी फिटिंग बहुत अधिक मायने रखती है। कई बार हम बहुत ढीले या बहुत टाइट कपड़े पहनते हैं। लेकिन अच्छी तरह से फ़िट न होने वाले कपड़े चाहे जितने भी स्टाइलिश हो, लेकिन वे अच्छे नहीं लगते। जहां ढीले कपड़े आपको बेडौल दिखा सकते हैं, वहीं बहुत ज़्यादा टाइट कपड़े उन हिस्सों को हाइलाइट कर सकते हैं, जिन पर आप फोकस नहीं करना चाहते हैं। इसलिए, हमेशा अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए सही फिटिंग के कपड़ों को स्टाइल करें।



### हमेशा एक जैसे कलर्स पहनना

हम सभी को कोई ना कोई कलर पसंद होता है और ऐसे में हम अक्सर उसी रंग के कपड़ों को खरीदना पसंद करते हैं। लेकिन ऐसा करना भी आपकी एक स्टाइलिंग मिसटेक हो सकती है। इससे आपका लुक कभी भी वर्सेटाइल नजर नहीं आता है। खासतौर से, अगर आपकी फेवरिट लिस्ट में काले, नेवी और भूरे जैसे डार्क कलर्स को चुनते हैं तो ऐसे में बहुत ज़्यादा फीके शेड आपको फीका दिखा सकते हैं। इससे आपकी उम्र भी अधिक नजर आने लगती है। कोशिश करें कि आप पेस्टल, ज्वेल टोन या न्यूट्रल जैसे कुछ कलर्स को भी स्टाइल करें। वे आपको अधिक यूथफुल दिखाने में मदद करेंगे।